रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 169] नई दिल्ली, शुक्रवार, जनवरी 29, 2010/माघ 9, 1931
No. 169] NEW DELHI, FRIDAY, JANUARY 29, 2010/MAGHA 9, 1931

गृह मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 29 जनवरी, 2010

का.आ. 209(अ).—दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश माननीय न्यायमूर्ति श्री कैलाश गम्भीर की अध्यक्षता में गठित अधिकरण, जिसको विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 4(1) के अंतर्गत यह न्याय-निर्णय करने संबंधी मामला भेजा गया था कि क्या असम के दीमा हलाम दाओगाह (जोएल) संगठन नामक संगम को विधिविरुद्ध घोषित किए जाने के पर्याप्त कारण हैं या नहीं, के आदेश को विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 4(4) के अंतर्गत आम जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है ।

[फा. सं. 11011/41/2008 एन.ई. III]

नवीन वर्मा, संयुक्त सचिव

दिल्ली उच्च न्यायालय के माननीय न्यायाधीश श्री कैलाश गम्भीर की अध्यक्षता में गठित विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिकरण की रिपोर्ट

विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 (1967 की अधिनियम सं. 37) (जिसे इसमें इसके पश्चात् 'अधिनियम' कहा गया है) की धारा 3 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारत सरकार ने दिनांक 9 जुलाई, 2009 की अधिसूचना सं. का.आ. 1678(अ) के तहत दीमा हलाम दाओगाह (जोएल) [संक्षिप्त में 'डी एच डी (जे)'] को 'विधिविरुद्ध संगम' घोषित कर दिया है ।

शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारत सरकार ने दिनांक 9 जुलाई, 2009 की अधिसूचना सं. का. आ.1678 (अ) के तहत दीमा हलाम दाओगाह (जोएल) [संक्षिप्त में 'डी एच डी (जे)] को 'विधिविरुद्ध संगम' घोषित कर दिया है।

2. भारत सरकार इस निष्कर्ष पर पहुंची कि डी एच डी (जे) इन आधारों पर एक विधिविरुद्ध संगम है कि अपने सभी गुटों, विंगों और प्रमुख संगठनों सहित उक्त संगठन का उद्देश्य असम के उत्तरी कछार हिल्स जिलों तथा उनसे लगे हुए दिमासा आबादी वाले कार्बी आंगलांग के क्षेत्रों, कछार और नागांव जिलों और नागालैण्ड दीमापुर जिले के कुछ भागों को मिलाकर दिमासाओं के लिए एक प्रथक राज्य का गठन करना है और उक्त उद्देश्यों को पूरा करने के लिए डी एच डी (जे) वर्ष 2006, 2007, 2008 और 2009 (15 मई 2009 तक) में क्रमश: 21, 63, 55 और 52 हिंसक घटनाओं तथा वर्ष 2006, 2007, 2008 और वर्ष 2009 (15 मई 2009 तक) में क्रमश: 24 व्यक्तियों (7 सुरक्षा बल कार्मिकों सहित), 63 व्यक्तियों (12 सुरक्षा बल कार्मिकों सहित), 58 व्यक्तियों (13 सुरक्षा बल कार्मिकों सहित) तथा 25 व्यक्तियों (13 सुरक्षा बल कार्मिकों सहित) की हत्या सहित विधिविरुद्ध और हिंसक गतिविधियों में शामिल रहा है। इस अधिसूचना में यह भी नोट किया गया कि प्रथक राज्य के अपने उद्देश्य को पूरा करने के लिए डी एच डी (जे):

(i) नागरिकों एवं सुरक्षा बल कार्मिकों की हत्या सहित हिंसा की गतिविधियों में संलिप्त रहा है;

(ii) फिरौती हेतु अपहरण के कार्यकलापों के अतिरिक्त, सरकारी विभागों के कर्मचारियों सहित सीधे-साधे नागरिकों को डराने-धमकाने, लूट-खसोट करने एवं उनके जीवन को खतरे में डालने जैसे कार्यकलापों में संलिप्त रहा है;

(iii) असम राज्य के महत्वपूर्ण ढांचागत एवं विकास परियोजनाओं तथा उद्योगों के क्रियान्वयन में लगे कर्मचारियों पर हमला करने और धमकी देने में संलिप्त रहा है।

(iv) असम के उत्तरी कछार पर्वतीय जिले में रेलगाड़ियों तथा रेलवे स्टेशनों पर हमला करने तथा इसके द्वारा देश के संवेदनशील एवं रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण उत्तर-पूर्वी

क्षेत्र में महत्वपूर्ण संचार सम्पर्कों को विनष्ट करने में संलिप्त रहा है;

(v) क्षेत्र की स्थिरता के लिए गंभीर विपरीत निहितार्थ सहित असम के एन सी हिल्स जिले में दिमासा एवं जेमी नागाओं के बीच जातीय हिंसा फैलाकर एवं संघर्ष कराकर समुदाओं के बीच शत्रुता को बढ़ावा देने में संलिप्त रहा है;

3. उपर्युक्त आधारों पर केन्द्र सरकार ने यह राय बनाई कि अपने उद्देश्य को पूरा करने के लिए डी एच डी (जे) की गतिविधियां भारत की भू-भागीय अखंडता के लिए हानिकर तथा विघटनकारी हैं, समुदाओं के बीच शत्रुता को बढ़ावा देती हैं तथा राज्य की सुरक्षा को गंभीर रूप से खतरा पैदा करती हैं और यह कि उक्त संगठन एक विधिविरुद्ध संगठन है। अत: इसने, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा-3 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, डी एच डी (जे) को, इसके सभी गुटों, विंगों और प्रमुख संगठनों सहित, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 2 (0) के अर्थ के भीतर, विधिविरुद्ध संगम घोषित कर दिया।

4. उक्त अधिनियम की धारा-5 की उप धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए गृह मंत्रालय, भारत सरकार ने, यह न्याय निर्णय करने के प्रयोजन से दिनांक 6 अगस्त, 2009 की अधिसूचना सं. का. आ. 2014 (अ) के तहत इस अधिकरण का गठन किया कि क्या डी एच डी (जे) को विधिविरुद्ध संगम घोषित किए जाने के लिए पर्याप्त कारण हैं अथवा नहीं और इस अधिनियम की धारा-4 के उपबंधों के अंतर्गत इस अधिकरण को पत्र लिखा।

5. उक्त पत्र इस अधिनियम को 10 अगस्त, 2009 को प्राप्त हुआ।

6. उक्त पत्र प्राप्त होने के बाद इस अधिकरण ने दिनांक 10 अगस्त, 2009 के आदेश के तहत इस पत्र को 12 अगस्त, 2009 को प्रारंभिक सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया।

7. 12 अगस्त, 2009 को, केन्द्र सरकार द्वारा रिकॉर्ड में रखी गई सामग्री पर विचार करने के बाद उक्त अधिनियम की धारा-4 की उप-धारा (2) के अंतर्गत डी एच डी को 30 दिन के

भीतर यह कारण बताने के लिए नोटिस जारी किया गया कि इसे क्यों विधिविरुद्ध घोषित नहीं किया जाए। डी एच डी (जे) को इस नोटिस की तामीली उक्त संगम के कार्यालयों यदि कोई हों, के प्रमुख भाग पर अधिसूचना की प्रति चिपकाकर, जहां कहीं संभव हो वहां संगम के प्रमुख पदाधिकारियों, यदि कोई हों को इस अधिसूचना की तामीली करके; जिस क्षेत्र में इस संगम की गतिविधियां सामान्य रूप से चलाई जाती हों उसमें इस अधिसूचना की विषय-वस्तु के बारे में ढोल बजाकर अथवा लाउडस्पीकरों के माध्यम उदघोषणा करके; आकाशवाणी के स्थानीय अथवा निकटवर्ती प्रसारण केन्द्र से रेडियो पर उदघोषणा करके; जिला अथवा तहसील मुख्यालयों, जहां इस संगम के प्रधान कार्यालय स्थित हों, में जिला मजिस्ट्रेट अथवा तहसीलदार के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर अधिसूचना चिपकाकर; और अंग्रेजी के किसी राष्ट्रीय समाचार पत्र तथा संबंधित राज्यों, जिनमें डी एच डी (जे) की गतिविधियां साधारण रूप से चलाई जाती हैं, के एक-एक स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशन के द्वारा करने का निदेश दिया गया था।

8. अधिकरण द्वारा दिए गए निदेशों के अनुसरण में असम राज्य ने श्री एल.के. दास, ए सी एस, अतिरिक्त सहायक आयुक्त, असम सरकार, असम भवन, नई दिल्ली का शपथ-पत्र दायर किया जिसमें नोटिस की तामीली के तथ्यात्मक विवरण को दर्ज किया गया था। उक्त शपथ-पत्र के साथ विभिन्न नोटिसों, जिनके माध्यम से तामीली की गई थी, की प्रतियां भी प्रस्तुत की गईं। शपथ-पत्र में यह उल्लेख किया गया कि उक्त नोटिस की तामीली 4 सितम्बर, 2009 को दो स्थानीय असमी समाचार-पत्रों, नामत: 'द जनसाधारण' और 'अजीर दैनिक बटोरी' तथा 4 सितम्बर, 2009 को स्थानीय अंग्रेजी समाचार पत्र ' द असम टिब्यून' में प्रकाशन के माध्यम से भी की गई थी। यह भी उल्लेख किया गया कि इन नोटिसों का 11 सितम्बर, 2009 को दूरदर्शन केन्द्र, गुवाहाटी के माध्यम से दूरदर्शन में विधिवत रूप से प्रसारण किया गया तथा इनकी तामीली जिला मजिस्ट्रेट/तहसीलदार के कार्यालयों और थानों पर इन्हें चिपकाने के अतिरिक्त प्रमुख स्थानों/बाजारों में ढोल बजाकर लाउडस्पीकरों के माध्यम से उदघोषणा के माध्यम से भी की गई है। यह भी उल्लेख किया गया कि असम राज्य द्वारा उक्त कार्रवाई उन सभी जिलों में की गई थी जहां डी एच डी (जे) अपनी विधिविरुद्ध गतिविधियां चलाता रहा है। इसी तर्ज पर भारत सरकार, गृह मंत्रालय की ओर से श्री आर.आर. झा, निदेशक, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा नोटिस की तामीली के तथ्यात्मक विवरण को प्रमाणित करते

हुए एक शपथपत्र दायर किया गया। केन्द्र सरकार की ओर से शपथ पत्र असम राज्य से उन्हें प्राप्त सूचना के आधार पर दायर किया गया।

9. असम राज्य के विद्वान वकील ने 7 अक्तूबर, 2009 को यह बताया कि डी एच डी (जे) के अधिकांश सदस्य छिपे हुए हैं और इसलिए उनके पते ठिकानों का पता लगाना कठिन है। तथापि, उन्होंने यह स्वीकार किया कि डी एच डी (जे) के मुखिया, श्री जोएल गारलोसा उनकी अभिरक्षा में हैं। अत: यह निदेश दिया गया कि श्री जोएल गरलोसा को 3 सप्ताह के भीतर एक वैयक्तिक नोटिस तामील करने के लिए असम राज्य द्वारा कदम उठाए जाएं। उक्त निदेशों के अनुपालन में श्री एल.के. दास द्वारा एक अतिरिक्त शपथ-पत्र दायर किया गया जिसमें यह उल्लेख किया गया कि उक्त श्री जोएल गारलोसा को नोटिस प्राप्त हो गया है।

10. 26.11.2009 को डी एच डी (जे) तथा इसके अध्यक्ष श्री जोएल गारलोसा की ओर से श्री अहशाद चौधरी तथा सुश्री मीना रहरकंजेर सहित श्री बीजोन कुमार महाजन उपस्थिति हुए। श्री महाजन ने यह बताया कि उक्त अधिनियम की धारा 4 (2) के अंतर्गत डी एच डी (जे) के अध्यक्ष श्री जोएल गारलोसा को नोटिस 17.10.2009 को ही प्राप्त हुआ था किन्तु चूंकि वे न्यायिक अभिरक्षा में थे, इसलिए कारण बताओ नोटिस का जवाब प्रस्तुत करने के लिए समय पर कदम नहीं उठाए जा सके। उन्होंने कारण बताओ नोटिस का जबाव देने के लिए एक अवसर और मांगा जिस पर केन्द्र सरकार तथा असम राज्य के विद्वान वकील ने इस आधार पर आपत्ति की कि इस अधिनियम की धारा-4 की उप-धारा (2) के अंतर्गत 30 दिन की अनिवार्य अवधि समाप्त हो गई थी और यह कि सीमा की अवधि को माफ करने के किसी विशिष्ट उपबंध की अनुपस्थिति में तथा जांच सरसरी प्रकृति की होने के कारण इस अवस्था में डी एच डी (जे) को अपना उत्तर प्रस्तुत करने के लिए कोई अवसर प्रदान नहीं किया जाना चाहिए। तथापि, प्राकृतिक न्याय के सिद्धान्तों पर गौर करते हुए इस अधिकरण ने डी एच डी (जे) के विद्वान वकील को कारण बताओ नोटिस के संबंध में अपना जवाब प्रस्तुत करने के लिए अवसर प्रदान किया था।

11. डी एच डी (जे) की और से उत्तर 26 नवम्बर 2009 को कार्यवाहियों के दौरान प्रस्तुत किया गया। उत्तर में, अन्य बातों के साथ-साथ, यह बताया गया था कि यदि एकदम यह मान

लिया जाए तो उक्त संगम, उक्त अधिनियम की धारा 41 में किए गए उल्लेख के अनुसार, अस्तित्व में नहीं है क्योंकि उक्त संगम ने 2 अक्तूबर, 2009 को हेफलांग में आयोजित एक समारोह में अपने शस्त्र और गोलाबारूद का पहले ही परित्याग कर दिया है और अत: यह नहीं कहा जा सकता है कि उक्त संगम अपनी गतिविधियों को जारी रखे हुए है, जैसा कि उक्त अधिसूचना में आरोप लगाया गया है और इस प्रकार इसे विधिविरुद्ध घोषित करने संबंधी आदेश को निरस्त किया जाना चाहिए। यह भी उल्लेख किया गया कि राज्य सरकार के साथ-साथ केन्द्र सरकार ने उक्त संगठन के साथ शान्ति प्रक्रिया पहले ही शुरू कर दी है तथा इसके सभी सदस्य, शस्त्रों और गोलाबारूद का परित्याग करने की तारीख से, न्यायिक अभिरक्षा में रह रहे सदस्यों को छोड़कर, राज्य सरकार द्वारा स्थापित तथा निगरानी किए जाने वाले अभिहित शिविरों में रह रहे हैं। यह भी दावा किया जाता है कि इस संगठन ने असम सरकार के साथ युद्ध विराम समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए हैं और यह कि इस संगठन ने अपने सभी शस्त्रों और गोलाबारुद का परित्याग कर दिया है। अपर पुलिस महानिदेशक, विशेष शाखा, असम, गुवाहाटी द्वारा जारी किए गए दिनांक 11 नवम्बर, 2009 के इस आशय के प्रमाण-पत्र की एक प्रति उत्तर के साथ प्रस्तुत की गई थी कि डी एच डी (जे) संगठन ने 2 अक्तूबर, 2009 को हेफलांग में आयोजित एक समारोह में अपने शस्त्रों और गोलाबारूद का परित्याग कर दिया है और आपराधिक मामलों के संबंध में अब न्यायिक अभिरक्षा में रखे गए काडरों को छोड़कर इस संगठन के 416 कॉडर एन.सी. हिल्स में अभिहित शिविरों में चले गए हैं। असम सरकार और डी एच डी (जे) के बीच शान्ति प्रक्रिया के लिए तैयार किए गए बुनियादी नियमों की एक प्रति भी उत्तर के साथ संलग्न है।

12. असम राज्य ने निम्नलिखित अधिकारियों के शपथ-पत्रों के माध्यम से साक्ष्य प्रस्तुत किया:

(1) श्री अनुराग तंखा, पुलिस अधीक्षक, एन.सी. हिल्स जिला (अभियोजन गवाह-1)

(2) श्री पी.के. भुयान, पुलिस अधीक्षक, कछार जिला (अभियोजन गवाह-2)

(3) श्री डेविड नीथम, पुलिस अधीक्षक, कार्बी आंगलांग जिला (अभियोजन गवाह-3)

(4) श्री ब्रजेन्जीत सिंह, पुलिस अधीक्षक, रेलवे पुलिस (अभियोजन गवाह-4)

(5) श्री रत्नेश्वर दास, प्रभारी अधिकारी, दियांगमुख पुलिस थाना, एन.सी. हिल्स जिला (अभियोजन गवाह-5)

(6) श्री आनंद कोंवार, प्रभारी अधिकारी, देहनगी पुलिस थाना, एन.सी. हिल्स जिला (अभियोजन गवाह-6)

(7) श्री लें. मोजेन बर्मन, उप निरीक्षक हेफलांग पुलिस थाना, एन.सी. हिल्स (अभियोजन गवाह-7)

(8) श्री भारत सीएच कोंवार, प्रभारी अधिकारी, लेंगटिंग पुलिस थाना, एन.सी. हिल्स जिला (अभियोजन गवाह-8)

(9) श्री सरत चंद्र तिमुंग, उप निरीक्षक, मैबंग पुलिस थाना, एन.सी. हिल्स जिला (अभियोजन गवाह-9)

(10) श्री रमेश तालुकदार, उप निरीक्षक, जी.आर.पी. थाना, लुमडिंग गवर्नमेंट रेलवे पुलिस जिला (अभियोजन गवाह-10)

(11) श्री मनमोहन डेका, उप निरीक्षक, बदरपुर, जी.आर.पी. थाना, गवर्नमेंट रेलवे पुलिस जिला (अभियोजन गवाह-11)

(12) श्री बदन चंद्र दास, उप निरीक्षक, खेरोनी पुलिस थाना, हमरेन पुलिस कार्बी-आंगलांग जिला (अभियोजन गवाह-12)

(13) श्री नूर मोहम्मद खान, उप निरीक्षक, उमरांग्सो पुलिस थाना, एन.सी. हिल्स जिला (अभियोजन गवाह-13)

(14) श्री एस.के. रॉय,संयुक्त सचिव, असम सरकार गृह एवं राजनैतिक विभाग, दिसपुर, गुवाहाटी (अभियोजन गवाह-14)

(15) सुश्री बन्या गोगोई, पुलिस अधीक्षक, विशेषअभियान यूनिट, विशेष शाखा, असम सरकार, दिसपुर, गुवाहाटी (अभियोजन गवाह-15)

13. गवाहों की मुख्य पूछताछ रिकार्ड की गई तथा उनसे डी एच डी (जे) के विद्वान वकील द्वारा जिरह की गई।

14. उक्त अधिसूचना के समर्थन में केन्द्र सरकार ने केवल एक गवाह, अर्थात श्री आर.आर. झा, निदेशक, गृह मंत्रालय (अभियोजन गवाह-16) से पूछताछ की। उनसे डी एच डी (जे) के अधिवक्ता श्री अजीम एच. लस्कर ने जिरह की।

15. अधिसूचना के विरोध में डी एच डी (जे) के विद्वान वकील ने तीन शपथपत्र दायर किए, अर्थात्

(1) श्री डी. नैडिंग, अध्यक्ष, दिमासा शीर्ष निकाय केन्द्रीय समिति;
(2) श्री देवोजीत बथारी, सदस्य, डी एच डी (जे); और
(3) श्री निरंजन होजई, कमाण्डर-इन-चीफ, डी एच डी (जे) ।

16. तथापि, 16.12.2009 को डी एच डी (जे) के विद्वान वकील ने उल्लेख किया कि यद्यपि उन्होंने तीन गवाहों को उल्लेख किया था और शपथ-पत्रों के माध्यम से उनका साक्ष्य प्रस्तुत किया था किन्तु उन्होंने श्री निरंजन हजोई के साक्ष्य पर जोर नहीं दिया और उक्त गवाह को छोड दिया। शेष दो गवाहों अर्थात् श्री देवोजीत बधारी (बचाव के गवाह-1) और श्री डी. नैडिंग (बचाव गवाह-2) की मुख्य पूछताछ और जिरह को रिकार्ड किया गया।

17. केन्द्र सरकार ने, उक्त अधिनियम के उपबंधों के अन्तर्गत डी एच डी (जे) को विधिविरुद्ध संगम घोषित किए जाने के संबंध में केन्द्रीय सुरक्षा संगठन तथा असम सरकार से प्राप्त टिप्पणियों/विचारों को भी सील बंद लिफाफे में रिकॉर्ड में रखा।

18. अभियोजन गवाह-1, अनुराग तंखा, पुलिस अधीक्षक, एन.सी. हिल्स जिला ने अपने शपथ-पत्र प्रदर्श अभियोजन गवाह-1/1 में उल्लेख किया है कि उनके जिले में डी एच डी (जे) के सदस्य बहुत सक्रिय हैं और वे पिछले अनेक वर्षों से विधिविरुद्ध गतिविधियों में संलिप्त रहे हैं। ये सार्वजनिक स्थलों में विस्फोट, निर्दोष लोगों/पुलिस कार्मिकों सहित सुरक्षा बलों की हत्या करने, फिरौती के लिए अपहरण, महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों और रेलवे पर हमले तथा जबरन धन वसूली आदि जैसी विभिन्न विध्वंसकारी गतिविधियों में शामिल हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया है कि उक्त संगठन की ऐसी गतिविधियां न केवल सरकार के प्राधिकार को कम कर रही हैं बल्कि जिले के लोगों में आतंक भी फैला रहीं हैं। उन्होंने 12 ऐसी घटनाओं/मामलों का उल्लेख किया है जिनमें डी एच डी (जे) के सदस्य विधिविरुद्ध गतिविधियों में संलिप्त हैं। अभियोजन गवाह-1 द्वारा दायर शपथ-पत्र में उल्लिखित घटनाओं में से एक घटना पुलिस थाना उमरांग्सों में दर्ज किए गए मामला सं. 33/2007 से संबंधित है तथा जिसे बाद में शस्त्र अधिनियम की धारा 27 के साथ पठित भारतीय दंड संहिता की धारा 120(ख)/121/121 (क)/302/392 के अंतर्गत दिनांक 4.5.2008 को मामला सं. 2/2008 के रूप में पुलिस थाना देहनगी में पुन: दर्ज किया गया था। इस मामले में 4 जून 2007 को सैक्शन 8 एपीबीएन के कार्मिकों सहित एन.सी. हिल्स के सशस्त्र बटालियन उप-निरीक्षक, मंगखो कुकी को मुख्य कार्यकारी सदस्य, पुरेन्दु लंग्थासा के साथ मार्गरक्षी डयूटी के लिए तैनात किया गया और वे अपराह्न लगभग 1 बजे देहनगी लांगलाई हसनू गांव गए। जब उक्त उप-निरीक्षक और उनका स्टाफ इस गांव में स्थित निकट के एक मकान में भोजन करने गए तो मुख्य कार्यकारी सदस्य, पुरेन्दु लंग्थासा और कार्यकारी सदस्य, निडु लंग्थासा की डी एच डी (जे) के उग्रवादियों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई तथा वे मृतक पुरेन्दु लंग्थासा से एक पिस्टल छीनकर भाग गए।

जांच प्रक्रिया के दौरान, किसी सुब्रत तौसेन उर्फ पैपारंग दिमासा को गिरफ्तार किया गया था तथा सी.पी.सी. की धारा 164 के अंतर्गत उसके बयान दर्ज किए गए थे। उक्त सुब्रत तौसेन द्वारा दिए गए बयान की प्रति रिकार्ड में रखी गई है तथा उसे 'क' के रूप में चिन्हांकित किया गया है, जिसमें उसने कहा है कि वह जून, 2005 में डी.एच.डी.(जे) गुट में शामिल हुआ था और तब से वह डी.एच.डी.(जे) के प्रचार सचिव के रूप मे कार्य कर रहा है। इस

बयान में डी.एच.डी.(जे) काडरों की विधि-विरुद्ध क्रियाकलापों में संलिप्तता तथा लूट-खसोट, अपहरण, निर्दोष लोगों की हत्या तथा अन्य अवैध कार्यकलापों में शामिल होने का विस्तृत विवरण मिलता है।

19. पी डब्लू-1 द्वारा संदर्भित अन्य घटनाक्रम शस्त्र अधिनियम की धारा-27 के साथ पठित भा.द.सं. की धारा 120(बी)/121/121(ए)/148/149/353/382/302/307/427 के अंतर्गत केस सं. 5/2008 से संबद्ध है। इस मामले में 11 फरवरी, 2008 को लगभग 4.50 बजे सांय, जब दो मार्ग-रक्षी वाहनों सहित चार वाहनों का एक रक्षदल 'नीपको' परिसर से शिफ्टिंग ड्यूटी के लिए कोपिली पावर हाऊस की ओर जा रहा था, तो अचानक रास्ते में कुछ अज्ञात उग्रवादियों ने रक्ष-दल पर गोलीबारी शुरु कर दी। परिणामस्वरूप, चार व्यक्ति अर्थात् हवलदार रंजीत कुमार नाथ; सी/598 बाबुल उद्दीन चौधरी; दिनेश गोगोई; तथा नले लिम्ब घटना स्थल पर ही मारे गए तथा अन्य चार व्यक्तियों को गोली लगने से चोट आयी। उग्रवादियों ने मृत पुलिस कार्मिक से मैगज़ीन सहित एक 7.62 एस.एल.आर. तथा एक मैगजीन, 7.62 मि.मी. का 18 राउन्ड गोलाबारूद तथा 20 राउन्ड गोलाबारूद सहित एक स्टेन कारबाइन भी छीन ली। जांच प्रक्रिया के दौरान किसी देबोलाल गारलोसा उर्फ डेनियल दिमासा उर्फ दमब्रतो का बयान दर्ज किया गया था जिसमें उसने कहा है कि वह डी.एच.डी. (जे) का पूर्णकालिक लेफ्टिनेंट था तथा 28.12.2007 से उसे उमरांगशो का एरिया कमांडर बनाया गया थ। उसने आगे कहा है कि डी.एच.डी.(जे) ने नीपको पर कुछ निबंधन एवं शर्तें लगाई थीं परंतु उन्होने शर्तों को पूरा नहीं किया। साथ ही उसने स्वीकार किया कि 11.2.2008 को कोपिली पावर हाऊस पर हमला उसके नेतृत्व में किया गया था तथा इस पूर घटनाक्रम में 20 अन्य सदस्यों ने उसका साथ दिया था। उसके बयान को प्रदर्श पी डब्लू-1/1 एफ के रूप में अभिलेख पर प्रमाणित कर दिया गया है। इस संबंध में पंजीकृत एफ.आई.आर. की प्रमाणित प्रतिलिपि भी अभिलेख में रखी गई है तथा यह प्रदर्श पी डब्लू-1/1डी के रूप में है। जांच के दौरान, जांच एजेंसी द्वारा जब्ती की गई जिसमें ए.के.श्रेणी के गोलाबारूद के 42 खाली खोखे, 7.62 मि.मी. गोलाबारूद के 19 खाली खोखे; एम-16 राइफल गोलाबारूद के 15 खाली खोखे; तथा 5.56 मि.मी. इंसास गोलाबारूद के 03 खाली खोखे शामिल हैं।

20. अपनी मुख्य पूछताछ में पी डब्लू-1 ने आगे कहा है कि विभिन्न एफ.आई.आर. में की गई जांच के आधार पर यह कहा जा सकता है कि डी.एच.डी.(जे) के सदस्य ऊपर उद्धृत किए गए मामलों में सक्रियता से शामिल थे। उसने आगे कहा है कि उक्त प्रतिबंधित संगठन के सदस्यों के कार्यकलापों में प्राथमिक रूप से निर्दोष लोगों पर हमला करना, क्षेत्र के विभिन्न विकास कार्यक्रमों में बाधा पहुंचाना, उक्त क्षेत्र की विभिन्न जन जातियों के बीच शत्रुता फैलाना तथा विभिन्न सरकारी एजेन्सियों के विरुद्ध जंग लड़ना शामिल है। उसने आगे कहा है कि प्रतिबंधित संगठन, दिमासा जनजाति के लिए एक पृथक राज्य की मांग कर रहा है और उन क्षेत्रों पर दावा कर रहा है जहां आमतौर पर दिमासा जनजातियां रह रही हैं।

21. अपनी जिरह में, उक्त पी डब्लू-1 ने स्वीकार किया कि अधिकांश एफ.आई.आर में प्रतिबंधित संगठन अथवा उनके सदस्यों का नाम शामिल नहीं था लेकिन स्वेच्छा से स्वीकार किया कि इसका वास्तविक कारण यह है कि एफ.आई.आर. के पंजीकरण के आरंभिक स्तर पर कोई भी, उक्त अपराध को अंजाम देने में शामिल व्यक्तियों की ठीक-ठीक पहचान करने में सक्षम नहीं था। उसने अपनी जिरह में आगे कहा कि उन्हें आसूचना एजेन्सियों से यह सूचना मिली कि उक्त गुट के कुछ सदस्य अभी भी अवैध हथियारों एवं गोलाबारूद के साथ जंगल में छिपे हुए हैं।

22. पी डब्लू-2, श्री प्रशान्त कुमार भूयां कछार जिले के पुलिस अधीक्षक हैं। उन्होंने शपथ-पत्र प्रदर्श पी डब्लू-2/1 दायर किया है उन्होनें कहा है कि उनके जिले में डी.एच.डी.(जे) के सदस्य सीमा पार अर्थात् उत्तर कछार हिल्स से अक्सर अनधिकृत रूप से प्रवेश करते हैं और निर्दोष लोगों की हत्या, लूट-खसोट आदि जैसी विभिन्न विध्वंसक कार्रवाईयों में संलिप्त हो जाते हैं। उन्होंने उल्लेख किया है कि उक्त गुट की इस प्रकार की गतिविधियां न केवल भारत सरकार की प्रभुता को क्षति पहुंचा रही हैं अपितु साधारण नागरिकों के बीच आतंक एवं भय फैला रही हैं। उन्होंने इस जिले से संबद्ध तीन घटनाओं का जिक्र किया है जिसमें डी.एच.डी.(जे) के सदस्य विधि विरूद्ध क्रियाकलापों में संलिप्त पाए गए हैं। शस्त्र अधिनियम

की धारा 25(I) (क)/27 के साथ पठित एवं विधि-विरूद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, की धारा 10/13 के साथ पठित भा.दं.सं. की धारा 121/121(ए)/122/123/448,326,307,302 के अंतर्गत केस सं.189/2007 के संबंध में एक संदर्भ दिया गया है जिसमें कहा गया है कि दिनांक 21.7.2007 को लगभग 2.00 बजे प्रात: डी एच डी (जे) काडरों का एक समूह, पुलिस थाना लक्खीपुर, जिला कछार के अंतर्गत लांग्ला छेरा गांव आया और श्री जगदीश चन्द्र बर्मन के खाली पड़े घर में घुस गया और डी.एच.डी.(नुनिसा) काडरों पर गोलीबारी शुरू कर दी जिसके परिणामस्वरूप राकेट दिमासा उर्फ राहिदाब लांगमैलाई एवं बोंगरैंग दिमासा उर्फ समीर खेरसा की मौके पर ही मृत्यु हो गई जबकि एक व्यक्ति गोली लगने से घायल हो गया। यह दावा किया गया है कि मामले की छानबीन से ऐसा प्रतीत होता है कि पूर्वोक्त घटनाओं में डी.एच.डी.(जे) समूह शामिल था, हालांकि, इस घटना में शामिल विशिष्ट काडरों का पता नहीं लगाया जा सका। यह दावा किया गया है कि जांच के दौरान इकट्ठी की गई सामग्री एवं सबूत स्पष्ट रूप से डी एच डी(जे) की एक समूह के रूप में संलिप्तता को दर्शाते हैं। साक्षी द्वारा उद्धृत किए गए अन्य दो मामले भा.दं.सं. की धारा 121/121(ए)/122/385 के अंतर्गत केस सं.80/2007 थाना लखीपुर तथा शस्त्र अधिनियम की धारा 27 एवं विधि-विरूद्ध क्रिया कलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित भा.दं.सं. की धारा 120 (बी)/121/121(ए)/122/123/302 के अंतर्गत केस सं.207/2007 हैं।

23. पी डब्लू-2 द्वारा उद्धृत किया गया अन्य मामला भा.दं.सं. की धारा 121/121(ए)/122/385 के अंतर्गत एफ.आई.आर. सं.80/2007 है, जिसमें डी.एच.डी.(जे.) ने हरी नगर बाजार के 5 व्यापारियों से प्रत्येक से 5 लाख रुपये की जबरन धन वसूली की मांग की थी। इस मामले में श्री बादल दास ने पुलिस थाना लखीपुर में एफ.आई.आर.दर्ज कराई जिसमें कहा गया कि 2.4.2007 को प्रात: उनके गेट के भीतर उन्हें लिफाफों का एक बंडल पड़ा हुआ मिला। उस बंडल में 5 लिफाफे थे जिन पर (1) शैली डे; (2) नृपेन्द डे; (3) गौरी डे; तथा (4) भास्कर भट्टाचारजी का नाम लिखा था तथा एक लिफाफे पर स्वयं उनका नाम लिखा था। लिफाफों के अन्दर रखे पत्रों को पढ़कर उन्होंने पाया कि डी.एच.डी.(जे) के

लेटर हेड पर डी.एच.डी.(जे) के उग्रवादियों ने उनमें से प्रत्येक से दि. 15.4.2007 के पहले 5 लाख रुपये की मांग की है। जांच प्रक्रिया के दौरान साक्षियों के बयान दर्ज किए गए थे तथा उन्हें रिकार्ड पर रखा गया है और पूर्व पी.डब्लयू-2/1एच; पी.डब्लयू-2/1 आई, पी. डब्ल्यू-2/1 जे, पी. डब्ल्यू-2/1 के तथा पी. डब्ल्यू-2/1 एल के रूप में प्रदर्शित किया गया है।

जांच प्रक्रिया के दौरान शिकायतकर्ता एवं अन्य व्यापारियों को संबोधित धन-वसूली संबंधी पत्रों को भी जब्त किया गया था और उन्हें भी रिकार्ड पर रखा गया है। इस घटना के उपरान्त, 7.8.2007 को लगभग 7.45 बजे सायं सेना की वर्दी में 7-8 हथियारबंद उग्रवादियों का एक समूह नृपेन्द्र डे की हरी नगर बाजार की दूकान पर आया और उसने अंधाधुंध गोलियां बरसानी शुरू कर दी जिसके परिणामस्वरूप चार व्यक्ति मौके पर ही मारे गए। उक्त घटना डी.एच.डी.(जे) को 5 लाख रूपये देने की मांग को पूरा न करने के कारण हुई बतायी जाती है। मामलों की एफ.आई.आर.सं.207/2007, शस्त्र अधिनियम की धारा 27 एवं विधि विरूद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित भा.द.सं.की धारा 120 (बी)/121/121(ए)/122/123/302 के अंतर्गत थाना लखीपुर में दर्ज की गई तथा छानबीन के दौरान ए.के.के 5 खाली कारतूस जब्त किए गए थे। जब्ती सूची को रिकार्ड में प्रदर्श पी. डब्ल्यू-2/1 आर के रूप में रखी गई है।

24. अपनी जिरह में, पी डब्लू-2 ने स्वीकार किया कि किसी भी मामले में दिमासा लोगों के लिए पृथक राज्य की मांग का कोई हवाला नहीं है। उन्होंने अपनी जिरह में आगे उल्लेख किया है कि उनका इस बाबत दिया गया बयान कि डी.एच.डी.(जे) के सदस्य पृथक राज्य की मांग करते हैं, समय-समय पर उन्हें प्राप्त आसूचना जानकारियों तथा उक्त गुट के ज्ञात उद्देश्यों एवं लक्ष्यों पर आधारित है।

25. पी डब्लू-3, श्री डेविड नेताम हैमरेन पुलिस जिला, करबी आंगलांग, असम के पुलिस अधीक्षक हैं। उन्होंने साक्ष्य-प्रदर्श पी-डब्ल्यू-3/1 के रूप में अपना हलफनामा दायर किया है जिसमें कहा गया है कि हैमरेन पुलिस जिले में डी.एच.डी.(जे) के सदस्य काफी सक्रिय हैं और वे बड़े पैमाने पर विधि-विरूद्ध एवं हिंसक गतिविधियों में, सरकार के प्रभुत्व को क्षति

पहुंचाने तथा लोगों के बीच आतंक फैलाने में संलिप्त रहे हैं। उन्होंने दो मामलों को उद्धृत किया है जिनमें डी.एच.डी.(जे) के सदस्यों की संलिप्तता पाई गई है। उद्धृत किया गया पहला मामला, शस्त्र अधिनियम की धारा 25(1-बी) 27 एवं ई.एस.अधिनियम की धारा-3 के साथ पठित भा.दं.सं. की धारा-302/326/34 के अंतर्गत केस सं. 42/2006 है जिसमें यह कहा गया है कि 5.10.2006 की रात को मुजेन गांव के निवासियों ने पुलिस थाना केरोनी के उपनिरीक्षक जिम्बेश्वर हजारिका को सूचना दी कि लगभग 15 की संख्या में डी.एच.डी.(जे) काडरों के साथ-साथ यूनाइटेड पीपल्स डेमोक्रेटिक सॉलिडेरिटी काडर गांव में शरण लिए हुए हैं। दिनांक 06.10.2006 को सुबह तड़के संबंधित पुलिस दल ने गांव की घेराबंदी करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी, उसी समय उग्रवादी समूह ने पुलिस दल पर अंधाधुंध फायरिंग करनी शुरू कर दी तथा उन्होंने पुलिस दल पर हथगोले भी फेंके। मुठभेड़ के दौरान उग्रवादी घटनास्थल से फरार होने में सफल हो गए। इस फायरिंग के दौरान 10 वर्ष की एक लड़की तथा एक अन्य व्यक्ति की मौत हो गई। यह कहा गया है कि मामले में की गई जब्ती कार्रवाई यह दर्शाती है कि डी.एच.डी.(जे) काडर बड़ी मात्रा में हथियारों से लैस थे। अन्य सामग्री के साथ-साथ, चीन में बने हल्के हथगोले, एक पृथक लीड एवं टेल बम (जो कि दागे गए हथगोले का एक हिस्सा था), ए.के.47 राइफल के 06 खाली खोखे घटनास्थल से जब्त किए गए। जब्ती सूचियों को प्रदर्श पी.डब्ल्यू-3/1बी, पी.डब्ल्यू-3/1 सी एवं पी.डब्ल्यू-3/1 डी के रूप में रिकार्ड में रखा गया है। यह दावा किया गया है कि अब तक की गई जांच उक्त स्थल पर हुई घटना में स्पष्ट रूप से डी.एच.डी.(जे) काडरों की संलिप्तता की ओर संकेत करती है। उसके द्वारा उद्धृत किया गया दूसरा मामला, शस्त्र अधिनियम की धारा 25 (1-बी)/27 के साथ पठित भा.दं.सं. की धारा 120(बी)/121/123/171/365/326/302/307 के अंतर्गत केस सं.11/2008, पुलिस थाना केरोनी है। उन्होंने अपनी मुख्य पूछताछ में यह भी कहा है कि डी.एच.डी.(जे) के काडर स्थानीय लोगों से जबरन धन वसूली/कर उगाही तथा निर्दोष लोगों की हत्या में संलिप्त हैं।

26. अपनी जिरह में, उन्होंने इस बात से इन्कार किया है कि उन्हें डी.एच.डी.(जे) एवं यूनाइटेड पीपॅल्स डेमोक्रेटिक सॉलिडरिटी के बीच किसी प्रकार के गठजोड़ की कोई जानकारी है।

27. पी डब्लू-4, श्री ब्रजेनजीत सिंघा, राजकीय रेलवे पुलिस डिस्ट्रिक्ट में रेलवे पुलिस के अधीक्षक हैं। उन्होंने हलफनामा प्रदर्श पी.डब्ल्यू-4/1 के रूप में अपना साक्ष्य दायर किया है जिसमें कहा गया है कि उनके राजकीय रेलवे पुलिस जिले का एक भाग एन.सी. हिल्स के प्रशासनिक जिले से गुजरता है जहां डी.एच.डी.(जे) के सदस्य बहुत अधिक सक्रिय हैं और वे चलती हुई यात्री एवं माल गाड़ियों पर गोली बारी करके बड़े पैमाने पर विधि-विरूद्ध क्रिया-कलापों में संलिप्त रहे हैं जिसके कारण विशेषकर पिछले तीन वर्षों के दौरान रेलवे लाइनों की तोड़-फोड़, सुरक्षा कार्मिकों, निर्दोष यात्रियों एवं रेलवे कर्मचारियों की हत्या करने एवं चोट पहुंचाने तथा एन.सी. हिल्स जिले में रेल यातायात को बाधित करने जैसी घटनाएं हुईं। उन्होंने राजकीय रेलवे पुलिस डिस्ट्रिक्ट के अभिलेख के अनुसार 7 घटनाएं उद्धृत कीं जिनमें डी.एच.डी.(जे) के सदस्य शामिल हुए बताए जाते हैं।

28. पी डब्लू-4 द्वारा उद्धृत एक मामला दिनांक 25.3.2008 के एक मामले से संबद्ध है जिसमें शिकायतकर्ता, मो. सरफराज़ आलम, सहायक स्टेशन मास्टर, हारंगाजाव रेलवे स्टेशन ने बताया कि 24.3.2008 को 7.20 बजे सायं वे प्रसाधन के लिए गए और बेतरतीब बंदूक फायरिंग की आवाजे सुनी जो स्टेशन की ओर से आ रही थीं। वे स्टेशन आए तो पाया कि ड्यूटी पर तैनात पतरौल, श्री एम. पिलिया, सहायक स्टेशन मास्टर के चैम्बर के सामने मृत पड़े हैं; पतरौल, श्री के.सी. मालाकार, सहायक स्टेशन मास्टर के कक्ष के अन्दर मृत पड़े हैं; तथा एक अज्ञात व्यक्ति स्टेशन अधीक्षक कमरे के बाहर मृत पड़ा है। बदरपुर राजकीय रेलवे पुलिस स्टेशन में भा.दं.सं. की धारा 120 (बी)/121/121(ए)/302/427/34 के अंतर्गत केस एफ.आई.आर. सं.15/2008 पंजीकृत किया गया था। जांच के दौरान, इंसास राइफल एवं ए.के. 47 के 90 राउन्ड खाली कारतूस, 2 खाली कारतूस; 1 एस.एल.आर. खाली कारतूस तथा 2 राउन्ड ए.के.47 राइफल के 'मिसफायर' हुए कारतूसों की बरामदगी की गई। जब्ती

मेमो को रिकार्ड पर रखा गया है तथा इन्हें प्रदर्श पी. डब्ल्यू-4/1 सी एवं पी.डब्ल्यू-4/1 डी. के रूप में प्रदर्शित किया गया है। रेलवे स्टेशन के अधीक्षक का भी बयान दर्ज किया गया तथा यह प्रदर्श पी.डब्ल्यू-4/1एफ है जिसमें उन्होनें कहा है कि यह घटना डी.एच.डी.(जे) गुट द्वारा की गई है।

29. अपनी मुख्य पूछताछ में पी डब्लू-4 ने आगे कहा है कि डी.एच.डी.(जे) के लक्ष्य एवं उद्देश्य हिंसा, आपराधिक क्रियाकलापों द्वारा एवं निर्दोष लोगों, रेलवे सुरक्षा कार्मिकों एवं रेलवे कर्मचारियों की हत्या द्वारा, रेलगाड़ियों तथा रेलवे स्टेशनों पर हमला करके तथा रेलवे सम्पति को नुकसान पहुँचाकर साथ ही महत्वपूर्ण रेलवे संचार को भंग करके एक पृथक राज्य सृजित करना है। उन्होंने आगे कहा है कि उनके द्वारा उद्धृत किए गए मामले डी.एच.डी.(जे) सदस्यों की संलिप्तता को स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं।

30. अपनी जिरह में, पी डब्लू ने स्वीकार किया है कि उनके द्वारा उद्धृत किए गए मामलों में डी.एच.डी.(जे) का विशिष्ट उल्लेख/संलिप्तता नहीं है लेकिन, घटना की प्रकृति को देखते हुए, प्रथम दृष्टया डी.एच.डी.(जे) की संलिप्तता बिल्कुल स्पष्ट है। अपनी जिरह में उन्होंने आगे कहा है कि उनके द्वारा उद्धृत किए गए मामलों की जांच के दौरान डी.एच.डी.(जे) की संलिप्तता दिखाई दी।

31. पी डब्लू -5 से पी डब्लू -13 तक सभी जांच अधिकारी हैं जिन्होंने पी डब्लू -1 से पी डब्लू-4 के बयानों में संदर्भित मामलों की जांच की है। उन्होंने अपने हलफनामों के साथ अन्य कोई अतिरिक्त कागजात संलग्न नहीं किए हैं तथा उन्होंने पी डब्लू -1 से पी डब्लू -4 तक के द्वारा दायर किए दस्तावेजों पर ही भरोसा जताया है। सभी जांच अधिकारियों ने अपनी मुख्य पूछताछ में कहा है कि उनके द्वारा जांच किए गए मामलों में डी.एच.डी.(जे) के सदस्य संलिप्त पाए गए थे। उन्होंने स्वयं के द्वारा दायर किए हलफनामे प्रमाणित किए हैं जिन्हें क्रमश: प्रदर्श पी.डब्ल्यू-5/1, पी डब्ल्यू'6/1, पी.डब्ल्यू-7/1, पी.डब्ल्यू-8/1, पी.डब्ल्यू-9/1, पी.डब्लयू-10/1, पी.डब्ल्यू-11/1, पी.डब्ल्यू-12/1 तथा पी.डब्ल्यू-13/1 के रूप में प्रदर्शित

किया गया है। अपनी जिरह में, उन्होंने स्वीकार किया है कि उनके हलफनामे की विषय वस्तु केस डायरियों पर आधारित है।

32. पी डब्ल्यू-14, श्री एस.के. राय असम सरकार, गृह एवं राजनीतिक विभाग, गुवाहाटी के संयुक्त सचिव हैं। उन्होंने प्रदर्श पी. डब्ल्यू-14/1 के रूप में प्रदर्शित हलफनामे के द्वारा अपना साक्ष्य दायर किया है जिसमें कहा है कि डी.एच.डी.(जे) सक्रिय रूप से विधि-विरूद्ध तथा अलगाववादी क्रियाकलापों में संलग्न है। उन्होंने कहा कि डी.एच.डी.(जे) का गठन वर्ष 1994 में हुआ था। बाद में, इसका एक गुट 01.1.2003 से भारत सरकार एवं असम सरकार के साथ हुए युद्ध विराम करार के अधीन आ गया तथा जुएल गारलोसा की अगुवाई में दूसरे गुट ने सशस्त्र संघर्ष द्वारा एक पूर्ण विकसित "दिमासा राज्य" के निर्माण, स्व-शासन, पूर्ण स्वायत्तता, भूमि एवं संसाधनों आदि का अनन्य अधिकार के उद्देश्य को लेकर वर्ष 2004 में "ब्लैक विडो" के नाम एवं शैली के तहत् एक उग्रवादी गुट खड़ा कर लिया। बाद में इस उग्रवादी गुट ने इसका नाम बदलकर दीमा हलोम दाओगा (जुएल) कर लिया। इस उग्रवादी गुट की कार्रवाई की जद में राजकीय रेलवे पुलिस जिले के अलावा संपूर्ण एन.सी. हिल्स जिला तथा कारबी आंगलांग का भाग, हैमरेन, कछार एवं नागांव जिले शामिल हैं। यह अभिकथन मिहिर बर्मन उर्फ जुएल गारलोसा के पूछताछ बयान पर आधारित है जिसे प्रदर्श पी.डब्ल्यू-14/1 ए के रूप में रिकार्ड पर रखा गया है। उन्होंने आगे कहा कि डी.एच.डी.(जे) के काडर भारत की शांति, संप्रभुता एवं अखंडता को विघटित करने के उद्देश्य से तथा लोगों के बीच असुरक्षा की गहरी भावना पैदा करने के लिए एन.सी.हिल्स, हैमरेन तथा कारबी आंगलांग के कुछ भागों, कछार, है मरेन तथा नागांव जिलों में विभिन्न विधि-विरुद्ध क्रियाकलापों में संलिप्त रहे। यह दावा किया गया है कि 1.1.2006 से 11.8.2009 तक की अवधि के दौरान डी.एच.डी.(जे) के अतिवादी 216 लोगों की हत्या/कत्ल; 173 लोगों को घायल करने; 56 लोगों का अपहरण करने में संलिप्त रहे तथा 247 मामलों में हिंसा में संलिप्त रहे हैं। इस अवधि के दौरान डी.एच.डी.(जे) द्वारा अंजाम दी गई घटनाओं के जिलेवार आंकड़े दर्शाता एक विस्तृत चार्ट रिकार्ड में प्रस्तुत किया गया है तथा यह प्रदर्श पी.डब्ल्यू-14/1 सी, है। पी डब्ल्यू साक्षी-14 ने आगे कहा है कि डी.एच.डी.(जे) की उन्मुक्त हिंसा के कारण जो क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हुए हैं उनमें उमरागंशो स्थित नीपको एवं विनय

सीमेंट के अतिरिक्त महत्वपूर्ण आर्थिक क्षेत्र में दो बड़ी राष्ट्रीय परियोजनाएं अर्थात् लमडींग-सिल्चर सेक्टर में बी.जी. कनवर्जन का कार्य तथा चार लेनों वाला राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण शामिल है। इन सेक्टरों में कार्यकर रहे लोगों के बीच दहशत पैदा करने हेतु डी.एच.डी.(जे) ने आबाध रूप से अपहरण, हथियारों से हमला एवं हथगोले फेकने जैसे हिंसक कार्यों को अंजाम दिया और जिसके कारण इन परियोजनाओं का कार्य धीमा पड़ गया। यह दावा किया गया है कि ये परियोजनाएं एवं उद्योग डी.एच.डी.(जे) के लिए पैसा पैदा करने वाली मशीने हैं। डी.एच.डी.(जे) के काडर नृजातीय हिंसा में भी संलिप्त बताए जाते हैं जो कि विजातीय सफाए के इरादे से दिमासाओं एवं जेमीज के बीच फूटती थी, डी.एच.डी.(जे) काडरों ने जेमी नागाओं के कई घर जला दिए तथा उनमें से कई लोगों की हत्या कर दी। इस संबंध में उत्पल केम्प्राई निवासी ग्राम डामडी हावार पुलिस थाना मेबांग, जिला एन.सी.हिल्स से प्राप्त सूचना विवरणों पर उद्धरणों की सत्यापित प्रतिलिपि अभिलेख में रखी गई है।

33. पी. डब्ल्यू.-14, श्री एस.के. रॉय ने अपने हलफनामे ई एक्स पी डब्ल्यू 14/1 में आगे दावा किया है कि डी एच डी (जे) के उच्च पदस्थ व्यक्तियों ने राज्य के विरुद्ध लड़ाई लड़ने के लिए अपने काडर को आश्रय और हथियारों का प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए एन सी हिल्स, कार्बी आंगलोंग जिले के विभिन्न क्षेत्रों और नेपाल सहित विदेशों में कई शिविर और अपने आधार स्थापित किए। यह भी दावा किया गया है कि डी एच डी (जे), एन एस सी एन (आई एम) के साथ अनुचित सांठगांठ स्थापित किए हुए है जो डी एच डी (जे) काडर को प्रशिक्षण प्रदान करने सहित हर प्रकार की संभारकी सहायता प्रदान करता रहा है। इसने गुट के अध्यक्ष को सुरक्षित पनाह देने के लिए बांग्लादेश के सिल्हट जिले में आश्रय स्थल की भी व्यवस्था की थी। यह भी दावा किया गया है कि डीएचडी (जे) ने असम के एनडीएफ के वार्ता-रोधी ग्रुप सहित पूर्वोत्तर क्षेत्र के अन्य उग्रवादी ग्रुपों के साथ अनुचित सांठ-गांठ स्थापित की है और यह कि ये गुट, डीएचडी (जे) काडर को हथियार और आश्रय स्थल सहित हर प्रकार की सहायता प्रदान कर रहे हैं। डीएचडी ने ए के श्रंखला की राइफलें और रॉकेट लांचरों सहित हर प्रकार के अत्याधुनिक हथियार प्राप्त किए हैं और इनके नेताओं ने लिया @ जोसेफ मिजो के माध्यम से, जो म्यांमार के मिजो मूल का हथियारों का व्यापारी है, हथियार और गोलीबारूद प्राप्त करने के लिए विदेशों के साथ संपर्क स्थापित किए हैं। हथियार प्राप्त करने के अलावा इस गुट ने विदेशों से अत्याधुनिक संचार उपकरण भी प्राप्त किए हैं। इस गुट के नेताओं ने विदेशों और नेपाल,

थाईलैंड और मलेसिया सहित भारत संघ के पड़ोसी देशों का भी दौरा किया और उग्रवादी ग्रुपों और हथियारों के व्यापारियों के साथ संपर्क स्थापित किए ताकि हथियार और गोलीबारूद प्राप्त किए जा सकें और सुरक्षित छिपने के स्थानों की व्यवस्था की जा सके।

34. पी डब्ल्यू-14 ने आगे कहा कि डीएचडी (जे) के काडर व्यावसायियों, सरकारी कर्मचारियों, ठेकेदारों और अन्य व्यक्तियों को या तो जबरन धन वसूली के नोटिस देकर या आपराधिक धमकी देकर उनसे बड़ी मात्रा में जबरन धन वसूली करते रहे हैं। यह दावा किया गया है कि हाल में दो अलग-अलग घटनाओं में बड़ी मात्रा में बरामद की गई 1.50 करोड़ रुपए की राशि से एन सी हिल्स जिले में जबरन धन वसूली करने की इस गुट के लूटपाट करने के क्रियाकलापों का पता चलता है। यह भी दावा किया गया है कि लूटपाट/जबरन धन वसूली के कई मामलों की पुलिस में रिपोर्ट नहीं की गई क्योंकि पीड़ित लोगों को पुलिस के पास औपचारिक शिकायत करने से डर था कि डीएचडी (जे) उनसे इसका प्रतिशोध लेगा। इन कथनों के समर्थन में दर्ज किए गए दस्तावेज प्रदर्श में दिए गए हैं।

35. अपने मुख्य पूछताछ में पी डब्ल्यू-14 ने दोहराया कि डी एच डी (जे) का लक्ष्य और उद्देश्य हिंसा और सशस्त्र संघर्ष के माध्यम से एन सी हिल्य जिले के दिमसा लोगों और आसपास के दिमसा आवासीय क्षेत्रों के लोगों के लिए पृथक राज्य का सृजन करना है। उन्होंने आगे बताया कि उक्त गुट के सदस्य, निर्दोष लोगों और सरकारी पदाधिकारियों की हत्या करने में संलिप्त हैं और यह कि वे जबरन धन वसूली और अपहरण करने में भी संलिप्त होते हैं और कभी-कभी वे चुनाव पर्यवेक्षकों और राज्य में चल रही बड़ी परियोजनाओं के पदाधिकारियों पर हमला भी करते हैं।

36. डी एच डी (जे) का प्रतिनिधित्व करने वाले सुविज्ञ वकील द्वारा अपनी जिरह में पी डब्ल्यू-14 ने कहा कि उनका संपूर्ण साक्ष्य, विभिन्न स्रोतों से विभाग को प्राप्त जानकारी और मामलों की जांच पड़ताल के दौरान विभिन्न गवाहों द्वारा दिए गए बयानों पर भी आधारित है। अपनी जिरह के दौरान उन्होंने यह भी बताया कि दिनांक 2.10.2009 को राज्य सरकार के मुख्यमंत्री के सम्मुख हथियार डालने के बाद डी एच डी (जे) के सदस्य, राज्य सरकार द्वारा निश्चित किए गए शिविरों में रह रहे हैं। तथापि, उन्होंने यह भी कहा कि आसूचना एजेंसियों सहित विभिन्न स्रोतों से विभाग को प्राप्त जानकारी के आधार पर उनके पास इस आशय की सूचना है कि डीएचडी (जे) के कुछ काडर अभी भी बाहर हैं और उन्होंने अपने हथियारों का परित्याग नहीं किया है और यह आशंका है कि डीएचडी (जे) के ये सदस्य विधिविरुद्ध

क्रियाकलापों में संलिप्त हो सकते हैं।

37. पी डब्ल्यू-15 सुश्री बन्या गोगोई, पुलिस अधीक्षक, स्पेशल ऑपरेशन यूनिट (एस ओ यू), असम, विशेष शाखा मुख्यालय, गुवाहाटी हैं। वे संपूर्ण असम राज्य में आतंकवादी क्रियाकलापों की मॉनीटरिंग करने के लिए जिम्मेदार हैं। राज्य के विभिन्न जिलों के सभी एस एस पी और एस पी ने असम राज्य में सक्रिय डीएचडी (जे) सहित आतंकवादी संगठनों के विधिविरुद्ध क्रियाकलाप संबंधी अपनी रिपोर्ट उन्हें भेजी है। उन्होंने हलफनामा प्रदर्श पी डब्ल्यू-15/1 के रूप में अपना साक्ष्य दायर किया है जिसमें का गया है कि दिमसा राष्ट्रीय सुरक्षा बल (संक्षेप में डी एन एस एफ) के अधिकांश काडर द्वारा वर्ष 1994 में सरकार के सामने समर्पण कर दिए जाने के बाद विजय नैरिंग के नेतृत्व में डीएनएसएफ से अलग हुए एक ग्रुप ने "दीमा हलोम दाओगाह (डीएचडी)" नाम और शैली से एक नए गुट का गठन किया जिसका उद्देश्य सशस्त्र संघर्ष के माध्यम से कथित "भारतीय औपनिवेषवाद" के विरुद्ध लड़ाई छेड कर "दिमरजी राज्य" नाम और शैली के भूतपूर्व कचारी साम्राज्य को मुक्त कराना था। विजय नैरिंग निजी कारणों से प्रत्यक्ष रूप से अधिक समय तक ग्रुप का नेतृत्व नहीं कर सका और इस कारण जोएल गरलोसा उर्फ मिहिर बर्मन उर्फ बैरिंगदाओ दिमसा इस गुट का अध्यक्ष और दिलीप नुनिसा इसका उपाध्यक्ष बन गया। डीएचडी के काडर हत्या, अपहरण, विस्फोट, जबरन धन वसूली आदि जैसे विभिन्न विध्वंसात्मक क्रियाकलापों में संलिप्त हैं। लेकिन उग्रवादरोधी निरंतर अभियानों के दबाव के कारण डीएचडी को मानवशक्ति और हथियारों के संदर्भ में काफी नुकसान उठाना पडा। इसके परिणामस्वरूप डीएचडी ने दिनांक 01.01.03 से भारत सरकार और असम सरकार के साथ संघर्ष विराम करार किया। जब संघर्ष विराम चल रहा था तो जोएल गरलोसा फिर अपने कुछ अनुयायियों के साथ एन.सी. हिल्स के घने जंगलों में छिप गया और वर्ष 2004 में "ब्लैक विडो" नाम और शैली से एक नए गुट का गठन किया। बाद में इस गुट ने दीमा हलोम दाओगाह (जोएल) के रूप में अपना नाम बदल लिया। डीएचडी (जे) नामक गुट अपने गठन से लेकर पूर्ण "दिमसा राज्य का दर्जा", स्व-शासन का अधिकार, पूर्ण स्वायत्तता, भूमि और संसाधनों आदि पर एकाधिकार के लिए अभी भी सशस्त्र संघर्ष कर रहा है। इस गुट के कार्य क्षेत्र में संपूर्ण एन सी हिल्स जिला और कार्बी-आंगलोंग और कछार जिलों के हिस्से शामिल हैं। ये कथन विभिन्न जिलों में दर्ज मामलों की जांच-पड़ताल के दौरान दर्ज किए गए पूछताछ के बयानों पर आधारित हैं। संगत उद्धरण की सत्यापित प्रतियां इन कार्यवाहियों के रिकार्ड में रखी गई हैं और प्रदर्श के रूप में लगाई गई हैं। इस गवाह ने डीएचडी के अन्य आतंकवादी संगठनों के साथ अनुचित सांठ-गांठ होने, पड़ोसी देशों से हथियार और गालीबारूद प्राप्त करने, आसपास के जिलों में प्रशिक्षण शिविर स्थापित करने और हिंसा, अपहरण और जबरन धन वसूली की घटनाओं में उनकी

संलिप्तता के संबंध में पी डब्ल्यू-14, श्री एस.के. रॉय, संयुक्त सचिव, असम सरकार द्वारा दिए गए बयान को दोहराया है।

38. पी डब्ल्यू-15, सुश्री बन्या गोगोई ने भी पी डब्ल्यू-14, श्री एस.के. रॉय द्वारा दायर हलफनामे के साथ प्रदर्श पी डब्ल्यू-15/2 सिद्ध किया है जो वर्ष 2006 से दिनांक 11.8.2009 तक घटित डीएचडी (जे) की उग्रवादी घटनाओं से संबंधित सार है। इस दस्तावेज में 247 घटनाओं की सूची, उनके घटित होने की तारीख/स्थान, प्रत्येक घटना का संक्षिप्त ब्यौरा और जिन धाराओं के तहत मामले दर्ज किए गए हैं उन धाराओं का ब्यौरा दिया गया है। गवाह ने कहा कि उन्होंने स्वयं यह सूची तैयार की है जिसमें हिंसा की उन घटनाओं का सार दिया गया है जो असम राज्य में घटी हैं। अपनी मुख्य पूछताछ के दौरान उन्होंने सभी घटनाओं का मूल रिकार्ड प्रस्तुत किया। यह बताया गया है कि उनके द्वारा तैयार की गई सूची की एक प्रति दिनांक 31.10.2009 के पत्र के तहत श्री एस. के. रॉय को अग्रेषित की गई है और श्री एस. के. रॉय ने अपने हलफनामे के साथ इस अभिकरण के सम्मुख उसे दायर किया था।

39. डीएचडी (जे) के सुविज्ञ वकील द्वारा की गई जिरह में उन्होंने बताया कि कई मामलों की जांच-पड़ताल के दौरान उनके सदस्यों द्वारा दिए गए बयानों से उन्हें डीएचडी (जे) के उद्देश्यों और लक्ष्यों की जानकारी मिली और यह कि प्रदर्श पी डब्ल्यू-15/2 में दिए गए घटनाओं के ब्यौरे, विभिन्न जिलों के पुलिस अधीक्षकों और जांचकर्ता एजेंसियों से प्राप्त जानकारी पर आधारित हैं।

40. पी डब्ल्यू-16, श्री आर. आर. झा, भारत सरकार, गृह मंत्रालय में निदेशक हैं। उन्होंने अपना हलफनामा, ईएक्स.पीडब्ल्यू.-16/1 के रूप में प्रस्तुत किया है जिसमें उन्होंने कहा है कि डीएचडी (जे) उत्तरी कछार हिल्स जिला और असम के कार्बी आंगलोंग, कछार और नगांव जिलों के आसपास के दिमसा आवासीय क्षेत्र और नागालैंड के दीमापुर जिले के हिस्से शामिल करके दिमसाओं के लिए पृथक राज्य के सृजन के लिए अपने अघोषित उद्देश्य की प्राप्ति हेतु सशस्त्र संघर्ष में संलिप्त रहा है। उन्होंने आगे कहा कि यह गुट बड़े पैमाने पर हिंसा और विध्वंसकारी क्रियाकलापों में संलिप्त है जो राज्य के प्राधिकार के लिए चुनौती है और हिंसा के उन अन्य रूपों में भी संलिप्त है जो राज्य की सुरक्षा और भारत की एकता के लिए खतरा है। उन्होंने आगे बताया कि डीएचडी (जे) के काडर नागरिकों और सुरक्षा बलों पर हमला करने, व्यापारियों, ट्रांसपोर्टरों, सरकारी विभागों, औद्योगिक यूनिटों और एन सी हिल्स स्वायत्त परिषद जैसे संस्थानों सहित सिविलियनों से जबरन धन वसूली करने, एन सी हिल्स जिले में रेल गाड़ियों और रेलवे स्टेशनों पर हमला करने और फिश प्लेट और लाइनें हटाकर तोड़-फोड़ करने, आधारभूत संरचना

की परियोजनाओं को लक्ष्य बनाने, डीएचडी से अलग हुए धड़े के काडर और परिवारों को लक्ष्य बनाने, एनसी हिल्स जिले में दिमसाओं और जेमी नागाओं में जातीय हिंसा आदि भड़काने में संलिप्त रहे हैं। बताया गया है कि डीएचडी (जे) वर्ष 2006 में 22 घटनाओं में, वर्ष 2007 में 65 घटनाओं में और वर्ष 2008 में 59 घटनाओं में संलिप्त रहा है। इन घटनाओं के परिणामस्वरूप 139 व्यक्तियों की हत्या की गई जिसमें 32 सुरक्षा कार्मिक शामिल हैं।

41. पी डब्ल्यू-16 श्री आर.आर. झा ने अपने हलफनामे में आगे बताया कि डी एच डी (जे) विगत में शांति प्रक्रिया में गंभीर नहीं रहा है। इससे पहले इसने मार्च, 2008 से तीन माह के लिए संघर्ष विराम घोषित किया था जिसे इसने दिनांक 16 मई, 2008 को वापस ले लिया। इसने फिर दिनांक 16 मई, 2008 से एक माह के लिए एकतरफा संघर्ष विराम घोषित किया जिसके बाद इसने अपने हिंसक क्रियाकलाप फिर शुरू कर दिए। आगे फिर कहा गया है कि डीएचडी (जे) के नेशनल सोसियलिस्ट काउंसिल ऑफ नागालैंड (इसाक/मुइवाह) (एनएससीएन (आई/एम) और युनाइटेड पीपुल्स डेमोक्रेटिक सालिडेरिटी (यू पीडीएस), हमर एंड कुकी उग्रवादी गुट उदाहरणार्थ हमर पीपुल्स कंवेंशन (डेमोक्रेटिक) और कुकी नेशनल फ्रंट (सेमथिंग धड़ा) आदि जैसे अन्य कई उग्रवादी ग्रुपों के साथ संबंध हैं। बताया गया है कि इस गुट के नेशनल डेमोक्रेटिक फ्रंट ऑफ बोडोलैंड (एनडीएफबी) के साथ भी संबंध हैं जिसे विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 के तहत 'विधिविरुद्ध संगम' घोषित किया गया है। दिनांक 10 जून, 2007 को एनएससीएन (आई/एम) के एक काडर की गिरफ्तारी से यह रहस्योद्घाटन हुआ कि एनएससीएन (आई/एम) ने असम में डीएचडी (जे) के शिविरों का भी इस्तेमाल किया था। डीएचडी (जे) के काडर ने कार्बी आगलोंग जिलों में यू पी डीएस के शिविरों का भी इस्तेमाल किया था। इस गुट के बांग्लादेश में भी छिपने के ठिकाने हैं। उन्होंने यह भी बताया कि गुट के क्रियाकलाप, भारत की भू-भागीय अखंडता के लिए हानिकारक और विघटनकारी हैं, भारत के संविधान के लिए विध्वंसात्मक और राज्य की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा हैं, जिसे विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 2 (ण) के तहत विधिविरुद्ध क्रियाकलाप के रूप में परिभाषित किया गया है। उन्होंने प्रदर्श पी डब्ल्यू-16/1क सिद्ध की जो गृह मंत्रालय द्वारा जारी की गई अधिसूचना है जिसमें दिमा हलम दोओगाह (जोएल) पर इसके सभी धड़ों, विंगों और प्रमुख संगठनों सहित प्रतिबंध लगाया गया है; और प्रदर्श पी डब्ल्यू-16/1ख भी जो दिनांक 1.1.2003 से 15.5.2009 तक की अवधि के लिए उग्रवाद से संबंधित घटनाओं की सूची है।

42. अपनी मुख्य पूछताछ में पी डब्ल्यू-16 श्री आर.आर. झा ने आई.बी. रिपोर्टों का उल्लेख किया और आसूचना और सुरक्षा एजेंसियों की रिपोर्टों का भी उल्लेख किया जिनमें डीएचडी (जे)

के क्रियाकलापों से संबंधित संवेदनशील सूचना है। उन्होंने यह भी बताया कि जुलाई, 2009 के बाद सरकार के पास इस आशय की सूचना थी कि डीएचडी (जे) के एक धड़े ने अभी भी समर्पण नहीं किया है और यह अभी भी जबरन धन वसूली और अन्य विधिविरुद्ध क्रियाकलापों में संलिप्त हैं।

43. अपनी जिरह में पी डब्ल्यू-16 ने बताया कि प्रदर्श पी डब्ल्यू-16/1 में उल्लिखित घटनाएं सरकारी रिकार्डों पर आधारित हैं न कि उनकी येनिजी जानकारी पर। उन्होंने ऐसी किसी जानकारी से भी इंकार किया है कि जुलाई, 2009 के बाद डीएचडी (जे) के सदस्यों के विरुद्ध कोई प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने डीएचडी (जे) के ऐसे किसी विशेष धड़े का नाम भी नहीं लिया जिसने अभी तक समर्पण न किया हो।

44. प्रतिवादी संगठन ने श्री देवोजित बठरी (डी डब्ल्यू-1) और श्री डी. नैडिंग (डी डब्ल्यू-2) नामक दो गवाहों से पूछताछ की। डी डब्ल्यू-1 श्री देवोजित बठरी उर्फ डेडिड दिमसा ने प्रदर्श डी डब्ल्यू-1/1 हलफनामे के माध्यम से अपना साक्ष्य दर्ज किया जिसमें कहा गया है कि एसोसिएशन ने उसे इस अभिकरण द्वारा जारी किए गए नोटिस का उत्तर दर्ज करने के लिए प्राधिकृत किया है। उन्होंने आगे बताया कि पी डब्ल्यू-2 श्री पी. के. भुयान द्वारा वर्ष 2007 में दायर साक्ष्य और दृष्टांत, अपने स्वरूप में बहुत पुराने हैं और इसलिए अधिसूचना की पुष्टि करने के प्रयोजनार्थ ऐसे साक्ष्य पर विचार नहीं किया जा सकता है और इस प्रकार अधिसूचना रद्द की जानी चाहिए। राज्य द्वारा प्रस्तुत अन्य साक्ष्य का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि अधिसूचना की पुष्टि करने के प्रयोजनार्थ इस पर भरोसा नहीं किया जा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि पी डब्ल्यू-15 सुश्री गोगोई द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य अनुज्ञेय नहीं है क्योंकि इसमें उस स्रोत को नहीं बताया गया है जहां से उन्हें यह जानकारी मिली और यह तथ्यों पर आधारित भी नहीं है क्योंकि हथियार डालने के बाद सदस्य और शीर्ष नेता, राज्य और केन्द्रीय एजेंसियों की निगरानी वाले नामित शिविरों में रह रहे हैं और उनके विध्वंसात्मक और हानिकारक क्रियाकलापों में संलिप्त होने की रिपोर्ट भी नहीं हैं और पी डब्ल्यू-15 की केवल यह आशंका है कि एसोसिएशन, अपने हथियार डालने के बाद हानिकारक क्रियाकलापों में फिर संलिप्त हो जाएगी। उन्होंने आगे बताया कि राज्य सरकार के साथ-साथ केन्द्र सरकार ने संगठन के साथ शांति प्रक्रिया शुरू कर दी है और यह कि संगठन ने असम सरकार के साथ संघर्ष विराम करार पर पहले ही हसताक्षर कर दिए हैं और करार के अनुसार सभी सदस्यों के साथ-साथ शीर्ष नेताओं ने अपने हथियार त्याग दिए हैं और वे नामित शिविरों में रह रहे हैं तथा करार की तारीख से उन्होंने किसी मूल नियम का उल्लंघन नहीं किया है और इस आशय की कोई शिकायत नहीं है कि वे समाज-विरोधी

क्रियाकलापों में संलिप्त हैं और इसलिए ऐसी अधिसूचना जिसमें एसोसिएशन को विधिविरुद्ध घोषित किया गया है उसका प्रतिसंहरण किया जाना चाहिए।

45. अपनी मुख्य पूछताछ में डी डब्ल्यू-1 श्री देवोजित बठारी ने कहा कि दिनांक 2.10.2009 को डीएचडी (जे) के सभी सदस्यों ने माननीय मुख्यमंत्री और संयुक्त सचिव, एन ई गृह मंत्रालय के सम्मुख हाफलोंग में हुए समारोह में हथियार त्याग दिए हैं। उन्होंने प्रदर्श डी डब्ल्यू-1/2 सिद्ध की जो समर्पण से संबंधित असम ट्रिब्यून में प्रकाशित समाचार की फोटो प्रति है। उन्होंने प्रदर्श डी डब्ल्यू-1/1ख भी सिद्ध की जो अपर पुलिस महानिदेशक, विशेष शाखा, असम द्वारा जारी दिनांक 11.11.2009 के इस आशय के प्रमाण-पत्र की फोटोप्रति है कि "डीएचडी (जे ग्रुप) ने दिनांक 2 अक्तूबर, 2009 को हाफलोंग में हुए समारोह में अपने हथियार और गोलबारूद त्याग दिए हैं और आपराधिक मामलों के सिलसिले में अब न्यायिक हिरासत में रह रहे काडर को छोड़ कर संगठन के 416 काडर ने एन सी हिल्स के शिविरों में रहना शुरू कर दिया है। असम सरकार और भारत सरकार, डीएचडी (जे) गुट के साथ शांति प्रक्रिया शुरू कर चुकी हैं। संगठन की उचित मांगों पर उनके नेताओं के साथ बातचीत जारी है। डीएचडी (जे) संगठन के काडर शांति बनाए हुए हैं और मुख्य धारा में शामिल होने के लिए अपने हथियार और गोलीबारूद डालने के बाद हिंसा में उनकी संलिप्तता नहीं पाई गई है।" उन्होंने प्रदर्श डी डब्ल्यू-1/1ग भी सिद्ध किया है जो असम सरकार और डीएचडी (जे) बीच शांति प्रक्रिया के मूल नियमों की फोटो प्रति है। उन्होंने आगे बताया कि हथियार त्यागने के बाद डीएचडी (जे) के सभी सदस्यों के साथ वे जतिंग, हाफलोंग, एन सी हिल्स में नामित शिविरों में रह रहे हैं और कि उन्हें नामित शिविरों में हथियार और गोलीबारूद रखने की अनुमति नहीं है।

46. अपनी जिरह में डी डब्ल्यू-1 ने कहा कि उन्होंने डीएचडी (जे) का सदस्य होने के कारण अपना हलफनामा प्रदर्श डी डब्ल्यू-1/1 दर्ज किया है लेकिन उन्हें कोई प्राधिकार या अधिकार नहीं है कि वे डीएचडी (जे) की ओर से उत्तर या साक्ष्य प्रस्तुत करें। उन्होंने यह भी कहा कि वे कभी भी मिहिर बर्मन उर्फ जोएल गरलोसा उर्फ देबोजित सिंह से न तो नवम्बर न ही दिसम्बर, 2009 माह में मिले। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि उनके पास श्री जोएल गरलोसा या डीएचडी (जे) की ओर से कोई प्राधिकार नहीं है। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि वे श्री प्रकाश दिमसा और श्री मोरोंग दिमसा, कमांडर, डीएचडी (जे) को जानते हैं। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि डीएचडी (जे) के कई जोन हैं और कि प्रकाश दिमसा और मोरांग दिमसा, दक्षिण जोन के कमांडर हैं। उन्होंने जिरह में आगे बताया कि संगठन का मुख्यालय दीमा बोंग हलाई में है और इस संगठन की स्थापना वर्ष 2003 में की गई थी ताकि भू-भागीय अधिकारों सहित, जिसमें दिमसा

लोगों के लिए एक स्वायत्त राज्य की उनकी मांग भी शामिल है, दिमसा लोगों के अधिकारों के लिए लड़ा जा सके। उन्होंने ये भी स्वीकार किया कि डीएचडी (जे) के सदस्य, हिंसा की विभिन्न घटनाओं और ऐसे अन्य कृत्यों में पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए थे लेकिन वे यह नहीं बता पाए कि पुलिस ने ऐसे कितने लोगों को गिरफ्तार किया था।

उन्होंने आगे कहा कि श्री निरंजन होजई इस समय डीएचडी (जे) के कमांडर-इन-चीफ हैं और इसके अध्यक्ष श्री जोएल गारलोसा, जो पुलिस हिरासत में है, की अनुपस्थिति में, श्री निरंजन होजई संगठन के कार्यों का संचालन करता है। उन्होंने श्री फ्रेंकी दीमासा को डीएचडी (जे) के विदेश सचिव के रूप में नियुक्त किया है। वह डीएचडी (जे) के लिए शस्त्रों की खरीद के स्रोत के बारे में नहीं बता सके और कहा कि इस गुट द्वारा रखे गए शस्त्र और गोलाबारूद का कोई रिकार्ड नहीं है। उन्होंने स्वीकार किया कि डीएचडी (जे) के किसी भी सदस्य ने 13.10.2009 को अथवा इसके बाद जब शांति प्रक्रिया के लिए मूल नियमों संबंधी दस्तावेज पर असम सरकार और डीएचडी (जे) के बीच हस्ताक्षर किए गए थे, पुलिस अधीक्षक, एन. सी. हिल्स जिला को कोई शस्त्र जमा नहीं कराए हैं। असम राज्य के विद्वान वकील द्वारा पूछताछ के दौरान उन्होंने आगे कहा कि उनके द्वारा शस्त्र एवं गोलाबारूद अपनी निजी सुरक्षा के लिए रखे गए थे और उन्होंने ए के-एम 16 को 2.10.2009 को लौटा दिया था और कि 2.10.2009 से पूर्व वह एन. सी. हिल्स के जंगलों में रह रहे थे।

47. डी डब्ल्यू-2, श्री नाइडिंग, जो दीमासा एपेक्स बॉडी सेंट्रल कमेटी नामक एक गैर-सरकारी संगठन के अध्यक्ष हैं, जिसका कार्यालय हाफलोंग, एन. सी. हिल्स में है, शांति, विकास तथा सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने अपने शपथ-पत्र प्रदर्श-2/1 को प्रमाणित किया है जिसमें उन्होंने कहा है कि दीमासा एपेक्स बॉडी सेंट्रल कमेटी पिछले कुछ वर्षों से दीमासा लोगों के उत्थान के लिए तथा उत्तरी कच्छार हिल्स जिले में कार्य करती रही है तथा उक्त क्षेत्र में शांति और अमन कायम करने के लिए भी कार्य करती रही है। उन्होंने आगे कहा कि एपेक्स बॉडी ने 2.10.2009 को डीएचडी (जे) के काडरों द्वारा हथियारों के समर्पण का स्वागत किया है लेकिन राज्य सरकार अथवा केन्द्र सरकार द्वारा अभी तक कोई शांति वार्ता शुरू नहीं की गई है। हालांकि एसोसिएशन ने राज्य के खिलाफ किसी गतिविधि का सहारा नहीं लिया है। उन्होंने आगे कहा कि डीएचडी (जे) के वे सदस्य जिन्होंने अपने हथियार डाल दिए हैं, केन्द्र तथा राज्य एजेंसियों द्वारा मॉनीटर किए जाने वाले नामित शिविरों में रह रहे हैं और उनके द्वारा हथियार डालने से लेकर अब तक किसी भी सदस्य के हानिकर गतिविधियों में संलिप्त होने की कोई सूचना नहीं है। अपनी मुख्य पूछताछ के दौरान, उन्होंने यह बात दोहराई है कि राज्य

सरकार ने श्री पी. सी. हल्दर को शांति प्रक्रिया में एक संवादी के रूप में नियुक्त करने के सिवाय डीएचडी (जे) की मांगों को अभी तक पूरा नहीं किया है।

48. विद्वान अपर सॉलीसीटर जनरल द्वारा जिरह के दौरान, डी डब्ल्यू-2 ने कहा है कि उनका संगठन कोई पंजीकृत संस्था नहीं है और कि उन्होंने पंजीकरण के लिए आवेदन नहीं किया है। उन्होंने अपनी जिरह में आगे कहा कि वर्ष 2005 में, डीएचडी (जे) के सक्रिय कार्यकर्ताओं को मुख्यधारा में शामिल होने के लिए राज़ी करने के संबंध में वह उनसे मिलने व्यक्तिगत रूप से जंगल में गए थे और उनके तत्कालीन कमांडर-इन-चीफ, श्री शिमोल लांथासा से मुलाकात की, जो इस प्रस्ताव से सहमत हो गए थे लेकिन बाद में एन. सी. हिल्स के जंगलों में उनकी हत्या कर दी गई। उन्होंने स्वीकार किया कि यह सही है कि डीएचडी (जे) की मांग असम राज्य के भीतर ही एक अलग स्वायत्त राज्य की है। असम राज्य के संबंध में विद्वान वकील द्वारा उनसे जिरह में, उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी कि क्या वास्तव में डीएचडी (जे) के सभी सदस्यों ने अपने हथियार वापिस कर दिए हैं।

49. श्री ए.एस. चण्डिओक, भारत के विद्वान अपर सॉलीसीटर जनरल ने स्वीकार किया कि डीएचडी (जे) के काडर नियमित रूप से आम नागरिकों तथा सुरक्षा बलों पर हमलों, व्यापारियों, ट्रांसपोर्टरों सहित आम नागरिकों, सरकारी विभागों, औद्योगिक यूनिटों तथा संस्थाओं से जबरन धन वसूली सहित हिंसा की घटनाओं में संलिप्त रहे हैं और उन्होंने फिश प्लेटों को हटाकर रेलवे लाइनों को नुकसान भी पहुंचाया, अवसंरचना संबंधी परियोजनाओं को निशाना बनाकर तथा एन. सी. हिल्स में दीमासाओं और जमेई नागाओं के बीच नृजातीय हिंसा को उत्प्रेरित किया है। वर्ष 2003 में उनके गठन से लेकर निरंतर ऐसी घटनाओं में उनकी संलिप्तता रही है तथा उनके कार्यों का आशय उक्त अधिनियम की धारा 2 (ण) में यथा परिभाषित "विधिविरुद्ध क्रियाकलाप" के अर्थ के भीतर, भारत की प्रभुसत्ता तथा भूभागीय अखण्डता को छिन्न-भिन्न करने का है। अत: यह स्वीकार किया जाता है कि केन्द्र सरकार इस अधिनियम की धारा 2 की उप-धारा (त) में यथा परिभाषित विधिविरुद्ध संगम के अर्थ के भीतर डीएचडी (जे) को "विधिविरुद्ध संगम" घोषित करने तथा इस अधिनियम की धारा 3 की उप-धारा (1) के अनुसार इसे विधिविरुद्ध संगम घोषित किए जाने संबंधी अधिसूचना जारी करने में न्याय-संगत थी। विद्वान अपर सॉलीसीटर जनरल ने आगे कहा कि जबकि यह सही है कि डीएचडी (जे) के कुछ काडरों ने 2 अक्तूबर, 2009 को अपने हथियार त्याग दिए हैं लेकिन आसूचना रिपोर्टों के आधार पर पी डब्ल्यू-14, पी डब्ल्यू-15 तथा पी डब्ल्यू-16 द्वारा विशेष रूप से यह कहा गया है कि उनके काडरों के एक वर्ग ने अभी तक अपने हथियार वापिस नहीं किए हैं और वे अब भी जंगलों में

छिपे हुए हैं। विद्वान अपर सॉलीसीटर जनरल ने आगे कहा कि हथियार डाल देना किसी भी मामले में, अधिसूचना की पुष्टि न करने का एक आधार नहीं हो सकता क्योंकि पहले भी दो अवसरों पर, इस संगठन ने युद्ध-विराम की घोषणा कर दी थी लेकिन उन्होंने कभी भी अपने वक्तव्यों का सम्मान नहीं किया।

50. विद्वान अपर सॉलीसीटर जनरल ने स्वीकार किया कि प्रतिवादी संगठन की ओर से दर्ज कराए गए उत्तर पर इस कारण से विचार नहीं किया जा सकता कि डी डब्ल्यू-1, श्री देवोजीत बथारी, जिन्होंने एसोसिएशन की ओर से उत्तर दर्ज कराया है, ने अपनी जिरह के दौरान स्वीकार किया है कि उन्हें डीएचडी (जे) की ओर से उत्तर दर्ज कराने अथवा साक्ष्य देने के लिए कोई प्राधिकार अथवा अनुज्ञप्ति नहीं है और कि वह इस संबंध में श्री जोएल गारलोसा से कभी नहीं मिले। उन्होंने अपनी जिरह के दौरान निरंतर यह बात दोहराई है कि श्री जोएल गारलोसा की तरफ से अथवा डी एच डी (जे) की ओर से उत्तर दर्ज कराने अथवा अपना साक्ष्य प्रस्तुत करने का उन्हें कोई अधिकार नहीं रहा है। यह उल्लेख किया जाता है कि धारा 4 की उप-धारा (2) में यह प्रावधान है कि उप-धारा (1) के अंतर्गत किसी संदर्भ के प्राप्त होने पर, अधिकरण "प्रभावित एसोसिएशन को लिखित में कारण बताओ नोटिस द्वारा" यह पूछेगा कि इस एसोसिएशन को विधिविरुद्ध क्यों न घोषित किया जाए। उल्लेख किया जाता है कि डी डब्ल्यू-1, श्री देवोजीत बथारी द्वारा प्रस्तुत उत्तर पर एसोसिशन अथवा इसके पदधारियों के ओर से सर्वसम्मति से बिना प्राधिकार के होने के नाते अधिकरण द्वारा विचार न किया जाए।

51. विद्वान अपर सॉलीसीटर जनरल ने दस्तावेज प्रदर्श डी डब्ल्यू-1/1 सी का उल्लेख करते समय, आगे स्वीकार किया कि 13.10.2009 को निष्पादित इस दस्तावेज में असम सरकार और डीएचडी (जे) के बीच शांति प्रक्रिया संबंधी मूल नियम निर्धारित किए गए हैं। 'हथियारों' से संबंधित खण्ड 7 के अनुसार, यह नोट किया गया है कि डीएचडी (जे) के सभी हथियार पुलिस अधीक्षक, एन. सी. हिल्स जिला के पास "जमा किए जाएंगे" और इसका रिकार्ड सेना तथा पी एन एफ को उपलब्ध कराया जाएगा तथा 5वीं ए पी बटालियन, सोन्टीला के शस्त्रागार में इन्हें रखा जाएगा और खंड 8 में यह प्रावधान किया गया है कि डीएचडी (जे) नामित शिविरों के बाहर कोई हथियार नहीं रखेगा और डीएचडी (जे) का कोई भी सदस्य शिविर के भीतर अथवा बाहर कोई हथियार नहीं रखेगा। उल्लेख किया जाता है कि, इस दस्तावेज के निष्पादन की तारीख से, डीएचडी (जे) के काडरों द्वारा एक भी हथियार जमा नहीं किया गया है और उनके काडर अभी भी विधिविरुद्ध क्रियाकलापों में संलिप्त हैं। यह भी उल्लेख किया जाता है कि सरकार के पास अन्य सुरक्षा एजेंसियों से प्राप्त इस आशय की पक्की आसूचना जानकारी एवं रिपोर्टें हैं कि डीएचडी

(जे) के एक बड़े गुट ने अभी तक आत्मसमर्पण नहीं किया है तथा वे जंगलों में छिपे हुए हैं और पहले की तरह विधिविरुद्ध क्रियाकलापों में संलिप्त हैं। विद्वान अपर सॉलीसीटर जनरल ने दस्तावेज प्रदर्श पी डब्ल्यू-14/1 सी का भी उल्लेख किया, जिसमें वर्ष 2006 से 11 अगस्त, 2009 तक की उन घटनाओं के जिला-वार आंकड़े दर्शाए गए हैं जिनका उत्तरदायी डीएचडी (जे) है तथा दस्तावेज प्रदर्श पी डब्ल्यू 15/2 का भी उल्लेख किया जिसमें वर्ष 2006 से 11 अगस्त, 2009 के दौरान डीएचडी (जे) उग्रवादियों से संबंधित घटनाओं का सार दिया गया है। मैंने पी डब्ल्यू-15/2 में उल्लिखित घटनाओं के सार का अध्ययन किया है। विद्वान वकील ने भी विभिन्न मामलों की जांच के दौरान दर्ज किए गए गवाहों के विवरण तथा कुर्की ज्ञापन, जिनमें डीएचडी (जे) काडरों से जब्त किए गए परिष्कृत शस्त्रों और गोलाबारूद का विवरण था, भी मुझे पढ़ाए।

52. विद्वान अपर सॉलीसीटर जनरल ने अंत में यह तर्क दिया कि डीएचडी (जे) भारत के भीतर और सीमा पार इसी तरह के विद्रोही गुटों के साथ मजबूत संबंध बनाए हुए है और शस्त्रों के प्रापण और अपने कॉडरों के प्रशिक्षण और आश्रय के लिए उनके साथ समन्वय करता रहा है। इस एसोसिएशन के, नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नागालैंड (ईस्साक/मुईवाह), यूनाइटेड पीपुल्स डेमोक्रेटिक सॉलीडेरिटी, हमार और कुकी उग्रवादी संगठनों और नेशनल डेमोक्रेटिक फ्रंट आफ बोरोलैंड के साथ गहन संबंध हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि प्रतिवादी संगठन के बंगलादेश में छिपने के ठिकाने हैं। इन संगठनों को सरकार द्वारा पहले ही विधिविरुद्ध घोषित किया गया है और जिन गतिविधियों में डीएचडी (जे) के काडर संलिप्त हैं, उनको देखते हुए यह अपेक्षित है कि इस संगठन पर प्रतिबंध लगाने संबंधी अधिसूचना की पुष्टि की जाए।

53. असम राज्य के विद्वान वकील श्री अविजित राय ने लिखित प्रतिवेदन दायर करने के अतिरिक्त विद्वान अपर सॉलीसीटर जनरल द्वारा दिए गए तर्कों को स्वीकार किया और यह अनुरोध किया कि इस संगठन पर प्रतिबंध लगाने संबंधी अधिसूचना की पुष्टि की जाए।

54. प्रतिवादी संगठन के विद्वान वकील श्री आजिम एच. लस्कर ने भी अपना लिखित प्रतिवेदन दायर किया। उन्होंने उल्लेख किया कि अभियोजन पक्ष के गवाहों का साक्ष्य सरकारी रिकार्ड पर आधारित है और तथाकथित घटनाओं में डीएचडी (जे) के शामिल होने के बारे में, किसी भी गवाह ने अपनी व्यक्तिगत जानकारी के आधार पर बयान नहीं दिया। उन्होंने **जमात-ए-इस्लामी हिन्द बनाम भारत संघ (1945) 1 एससीसी 428** के मामले में निर्णय का उल्लेख किया। उन्होंने आगे उल्लेख किया कि अभियोजन पक्ष के गवाहों द्वारा मांगे गए दस्तावेज सरकारी रिकार्डों से प्राप्त किए गए हैं और इनको उन गवाहों ने तैयार नहीं किया है जिन्होंने इन

दस्तावेजों के बारे में साक्ष्य दिया था। यह भी उल्लेख किया जाता है कि अभियोजन पक्ष के गवाहों द्वारा जिन घटनाओं का आरोप लगाया गया था वे बहुत पुरानी थी और इस प्रकार इस संगठन को विधिविरुद्ध घोषित करने का कोई बाध्यकारी कारण नहीं था। इस तर्क के समर्थन में उन्होंने **मोहम्मद जफर बनाम भारत संघ 1994 एस सी सी सप्ली.2** पृष्ठ 1 में उच्चतम न्यायालय के निर्णय का उल्लेख किया।

55. प्रतिवादी के वकील ने यह भी उल्लेख किया कि संबंधित प्राथमिकी में दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 161 के अंतर्गत दर्ज किए गए विभिन्न बयानों को साक्ष्य में अस्वीकार्य होने के नाते इस संगठन के विरुद्ध नहीं माना जा सकता। प्रतिवादी के वकील द्वारा दिया गया दूसरा तर्क यह था कि इस संगठन के सभी सदस्यों ने 2 अक्तूबर, 2009 को हेफलोंग में राज्य के मुख्यमंत्री के समक्ष शस्त्रों और गोलाबारूद के साथ एक साथ समर्पण किया और तत्पश्चात् इस संगठन पर प्रतिबंध लगाने संबंधी सरकार के निर्णय का कोई औचित्य नहीं हो सकता। यह उल्लेख किया जाता है कि अपने शीर्ष नेताओं सहित इस संगठन के सदस्यों द्वारा समर्पण करने के बाद यह नहीं कहा जा सकता कि यह एसोसिएशन इस अधिनियम की धारा 41 के अर्थ के भीतर अपनी गतिविधियों को जारी रखे हुए है और इस प्रकार इस अधिसूचना की अभिपुष्टि करने के लिए कोई कारण नहीं है और इसे खारिज किया जाए।

56. इस प्रश्न के बारे में, कि क्या दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 161 के अंतर्गत दर्ज बयान पर अधिकरण द्वारा विचार किया जा सकता है अथवा नहीं।

<u>भारत संघ बनाम स्टूडेन्ट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया एवं अन्य, 99 (2002) डी एल टी 147 में</u>, दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा यह टिप्पणी की गई :

> *"इकबालिया बयानों, जिनका सरकार ने उल्लेख किया तथा जिन पर सरकार ने भरोसा किया, को उन आपराधिक मामलों की जांच के दौरान दर्ज किया गया जिनमें उन्हे गिरफ्तार किया गया था। साक्ष्य अधिनियम की धारा 25 में यह प्रावधान है कि किसी पुलिस अधिकारी के समक्ष दिए गए इकबालिया बयान से किसी व्यक्ति के खिलाफ किसी अपराध का आरोपी होना सिद्ध नहीं होगा। 'किसी अपराध का अभियुक्त' शब्द ऐसे व्यक्ति का वर्णन करता है जिसके विरुद्ध किसी आपराधिक मामले में साक्ष्य के सिद्ध करने की मांग की गई हो। अत: विशेषण खण्ड 'किसी अपराध का अभियुक्त' उस व्यक्ति*

का वर्णन करता है जिसके विरुद्ध इकबालिया बयान को सिद्ध करने की मांग की गई हो। इकबालिया बयानों को दंड प्रक्रिया संहिता के अंतर्गत सिविल तथा अन्य आनुषंगिक कार्यवाहियों में प्रयोग किया जा सकता है। इस अधिकरण के समक्ष जांच स्पष्ट रूप से उन अभियुक्तों के विरुद्ध विचारण नहीं है जिन्होंने इकबालिया बयान दिए थे। अत: मेरे सुविचारित मत के अनुसार, विभिन्न मामलों की जांच के दौरान पुलिस अथवा न्यायालय के समक्ष अभियुक्तों द्वारा दिए गए इकबालिया बयान साक्ष्य अधिनियम की धारा 25 द्वारा गलत नहीं ठहराए जाएंगे और ये यह दर्शाने के लिए साक्ष्य में स्वीकार्य हैं कि क्या अभियुक्त इस संगम के सदस्य थे अथवा हैं तथा यह कि क्या इस संगम की गतिविधियां विधिविरुद्ध हैं अथवा नहीं।"

सुमन और अन्य बनाम तमिलनाडु राज्य, एआईआर 1986 (मद्रास) 318 में, यह निर्णय दिया गया :-

"यह याद रखा जाए कि जब धारा 25 किसी ऐसे इकबालिया बयान के संबंध में हो,जिसे किसी अपराध के अभियुक्त के विरुद्ध सिद्ध किए जाने की अनुमति न हो तो यह किसी ऐसे अभियुक्त द्वारा दिए गए ऐसे इकबालिया बयान के संबंध में होती है जिसे किसी अपराध को प्रमाणित करने के लिए उसके विरुद्ध सिद्ध किए जाने का प्रस्ताव किया जाता है। अत: धारा 25 को अधिकार क्षेत्र किसी अभियुक्त द्वारा दिए गए ऐसे इकबालिया बयान तक ही सीमित है जिसे उसके विरुद्ध अपराध प्रमाणित करने की कार्यवाही में प्रयोग किया जा रहा हो।"

उपर्युक्त निर्णयों के आधार पर यह स्पष्ट है कि दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 161 के अंतर्गत दर्ज किए गए विभिन्न गवाहों के बयान इस प्रश्न की जांच करने के लिए साक्ष्य में स्वीकार्य हैं कि क्या डीएचडी (जे) के काडर सदस्य विभिन्न विधिविरुद्ध क्रियाकलापों में शामिल थे अथवा नहीं।

57. स्पष्टत: प्रतिवादी संगठन ने, केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा दायर सभी दस्तावेजों को उन्हें उपलब्ध कराए जाने के बावजूद राज्य सरकार द्वारा उद्धृत किन्हीं घटनाओं से इनकार नहीं किया है। रिकार्ड पर ऐसा कुछ नहीं है अथवा प्रतिवादी संगठन द्वारा इस आशय का खंडन नहीं किया गया है कि उनके विरुद्ध आरोपित गतिविधियों में वे शामिल नहीं थे अथवा यह

कि उन्होंने राज्य के भीतर अथवा बाहर और सीमा पार से अन्य विद्रोही संगठन के साथ संबंध नहीं बनाए हैं। विभिन्न मामलों की जांच के दौरान दिए गए अपने बयानों में इस संगठन के सदस्यों ने स्वयं स्पष्ट रूप से यह स्वीकार किया है कि वे उक्त अधिनियम की धारा 2 (ण) के अर्थ के भीतर विधिविरुद्ध गतिविधियों में शामिल रहे हैं। इस समय पी डब्ल्यू-1 श्री अनुरोध तन्खा के साक्ष्य के साथ मामला सं. 33/2007 में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 164 के अंतर्गत दर्ज किए गए डीएचडी (जे) के प्रचार सचिव श्री सुब्रता थोसेन उर्फ पेपरांग दिमासा के बयान का उल्लेख करना समीचीन होगा जिसमें उन्होंने प्रतिवादी डीएचडी (जे) की गतिविधियों तथा अन्य विद्रोही संगठनों के साथ उनके संबंधों का विस्तृत विवरण दिया है। उक्त बयान निम्नलिखित है :-

.... मैं डी एच डी (जे) के प्रचार सचिव के रूप में कार्य कर रहा हूं। मैंने जून, 2005 में पश्चिमी कार्बी आंगलोंग विशेषकर "चारंचा शिविर" नामक स्थान पर संगठन का 25 दिनों का मूल प्रशिक्षण पूरा किया। फ्रेंकी दीमासा और बदरपुर दीमासा टैक्स कमांडर मेरे प्रशिक्षण अनुदेशक थे। मेरा बेस कैम्प नागलैंड में अर्थात् लाइसोंग तथा तुंगजे गांव के पार एन.सी. हिल्स की सीमा में था। टी वी, रेडियो तथा समाचार पत्रों आदि में विज्ञापन देना मेरी प्रमुख ड्यूटियां थीं। जैसी कि मुझे जानकारी है। श्री डेनियल दीमासा उर्फ डेन्ब्रोटो उर्फ देबोलाल गोरलोसा से टैक्स के रूप में 1,50,35,000/-रुपए मेरे पास आए थे। इस निधि में से मैंने तीन बार में 75,00,000/-रुपए की राशि श्री फ्रेंकी दीमासा के माध्यम से श्री निरंजन होजई तथा श्री जोएल गारलोसा को भिजवाई थी। टेक्स कमांडरों को निधि एकत्र करनी होती है। मैं निधि एकत्र नहीं करता। संगठन के लिए निधियों की बड़ी राशि हमने श्री आर.एस. गांधी, बांस के व्यापारी से प्राप्त की थी। हमने श्री आर.एस. गांधी से 4,50,00,000/-रुपए की राशि प्राप्त की थी।

नवम्बर/दिसम्बर, 2006 में श्री डेनियल दीमासा और श्री डाकू दीमासा उर्फ अथान हाफिला के नेतृत्व में, 15 अन्य काडरों के साथ सर्व प्रथम श्री आर. एस. गांधी का अपहरण किया और उन्हें दीयुंगबरा के घने जंगल (अस्थायी शिविर) में रखा और वहां लगभग 15 दिनों तक रखा गया। तत्पश्चात् श्री आर. एस. गांधी के पुत्र ने लेफ्टि. पी. लंग्थासा के साथ हमारे संगठन के श्री डेनियल दीमासा और श्री डाकू सिंह उर्फ अथान हाफिला को 4,50,00,000/- रुपए की राशि दी। इस राशि के प्राप्त होने पर श्री आर. एस. गांधी को छोड़ा गया। इस धन राशि में से, विभिन्न तारीखों पर मैंने 1,50,35,000/- रुपए की राशि प्राप्त की और यह राशि मुझे भिन्न-भिन्न तारीखों पर भेजी गई थी। मैंने श्री फ्रेंकी दीमासा तथा जितेन जोरोसा के माध्यम से 75,00,000/-

रुपए की राशि श्री जोएल गारलोसा तथा श्री निरंजन होजई को दे दी क्योंकि उन्होंने फोन पर मुझे ऐसा करने के लिए कहा था। 10,00,000/- रुपए की अन्य राशि मैंने परिवहन संबंधी खर्च आदि के लिए श्री फ्रेंकी दीमासा उर्फ जितेन जोरोसा को दे दी थी।

मैंने 10,00,000/-रुपए की अन्य राशि एन एस सी एन (आई/एम) के असम कमांडर मेजर सिमरी तंखुल को दे दी। शेष राशि हमारे संगठन के लड़कों के उपचार तथा दवाइयों आदि में खर्च की गई थी। यूपीडीएस, एनएससीएन (आई एम), एचपीसी (डी) के काडरों ने हमें शरण दी तथा हमारे साथ रहे और हमारे साथ काम किया। डीएचडी (सी एफ) के अध्यक्ष, श्री दिलीप नुनिसा पर हमले की घटना की मुझे जानकारी है। इस हमले में सर्वश्री जेम्स दीमासा उर्फ प्रणीत हाफलोंगवार, बदरपुर दीमासा उर्फ दीनोब सेंगयुंग, सानु दीमासा शामिल थे। मैंने सुना कि उस घटना में एक कुकी नागरिक मारा गया जबकि वास्तव में श्री दिलीप नुनिसा को मारने का प्रयास था। हमारे संगठन में महिला काडर नहीं हैं। श्री आर.एस. गांधी के अपहरण की घटना में सर्वश्री डेनियल, डाकू, गलम्बला दीमासा शामिल थे। 4.5 करोड़ रुपए की राशि में से मेरे द्वारा प्राप्त किए जाने के बाद शेष राशि श्री डेनियल दीमासा उर्फ देबोलाल गोरोसोला के पास थी। पूर्व सी.ई.एम.,एनसीएचएसी पुर्नेन्द्र लंग्थासा, निन्दु लंग्थासा पूर्व ई.एम. तथा अजित बोडो, उपाध्यक्ष एनसीएचएसी के मारे जाने की घटना की मुझे जानकारी है। पुर्नेन्दु तथा निन्दु लंग्थासा की डेनियल, महाजन, गलम्बला तथा गार्डन द्वारा गांव लांग्लेई हाशनु में हत्या कर दी गई। उस समय किसी ने भी उनसे कोई धनराशि नहीं ली। हमारे संगठन से उनको मारने का कारण यह है कि परिषद के नवनिर्मित 5 चुनाव क्षेत्रों में से हमने दीमासाओं के लिए एनसीएचएसी के 3 चुनाव क्षेत्रों की मांग की थी लेकिन उन्होंने दीमासाओं को दो चुनाव क्षेत्र नामत: सेमखोर और हामरेन ही दिए। यह सर्वश्री जोएल गारलोसा और निरंजन होजई तथा अध्यक्ष-सह-कमांडर-इन-चीफ डीएचडी (जे) द्वारा दिया गया अंतिम निर्णय था। श्री निरंजन होजई तथा ज्वैल गोरोलोसा ने तत्कालीन सीईएम, एनसीएचएसी पुर्नेन्दु लंग्थासा को फोन पर दीमासाओं के लिए तीन चुनाव क्षेत्र आरक्षित रखने की मांग की तथा लंग्थासा ने फोन पर ऐसा ही करने का उन्हें आश्वासन भी दिया। लेकिन अंतत: उन्होंने दीमासाओं के लिए 2 सीटें ही रखीं। इसके बाद, उन्होंने (ज्वैल और निरंजन) सभी 4 जोनल कमांडरों को 5 व्यक्तियों के मारने के लिए एक सूची भेज दी। हिट लिस्ट में इन 5 व्यक्तियों को मारने का क्रम इस प्रकार था : (1) पुर्नेन्दु लंग्थासा (2) निन्दु लंग्थासा, (3) अजित बोडो, (4) कीथानॉन बथारी तथा (5) भाद्रामोनोई लंग्थासा।

अजित बोडो तत्कालीन उपाध्यक्ष एनसीएचएसी की डीएचडी (जे) के स्लेयरिंग दीमासा द्वारा कालाचांद में हत्या कर दी गई। इन कार्रवाइयों के लिए हम जिन शस्त्रों और गोलाबारूद का प्रयोग करते हैं, वह अधिकांशत: एज़वाल, मिजोरम के एक शस्त्रों के स्मगलर लल्लिआबा मिजो द्वारा सप्लाई किए जाते हैं। कुछ शस्त्र और गोलाबारूद प्राप्त कर लिए गए हैं और एनएससीएन (आई एम) तथा एचपीसी (डी) द्वारा समय-समय पर हमें दिए जा रहे हैं। सप्लायर प्राय: इन शस्त्रों और गोलाबारूद को असम-मेघालय सीमा पर उमरांगसो तथा नागालैंड सीमा पर लाया था और हमने वहां उन्हें इनकी कीमत अदा की और उन्हें हमारे शिविरों में ले गए ...../

हमने केएचइपी और एनइपीसीओ, उमरांगसो तथा स्थानीय कर्मचारियों की कुल आय में से 10 प्रतिशत की मांग भी की थी। हमने मैं. विनय सीमेंट लिमिटेड, उमरांगसो द्वारा सम्पूर्ण प्रदूषण नियंत्रण की मांग की थी। मुझे ट्रकों को जलाने, ट्रक ड्राइवरों की हत्या करने, होम गार्ड्स की हत्या करने आदि संबंधी उन घटनाओं की जानकारी है जो हमारे जोनल कमांडरों के नियंत्रणाधीन घटित हुईं। यह सत्य है कि हमने एनएचएआई तथा बीजी कन्वर्जन के ठेकेदारों से जबरन धन वसूली की थी और ये टैक्स-कमांडरों द्वारा की गई थीं लेकिन इन मामलों में कोई राजनेता शामिल नहीं है।

.....

इस अफवाह के फैलने के बाद मि. निरंजन होजई ने एक तरफा युद्धविराम वापस लेने के लिए 4 जोनल कमांडरों को अनुदेश जारी किया और एन एच ए आई, बी जी कामगारों, नेपको (खेप परियोजना), विनय सीमेंट आदि पर हमला करने का निदेश दिया। यह सच है कि एकतरफा युद्धविराम समाप्ति करने की घोषणा के पश्चात् हमने अर्थात् डी एच डी (जे) ने उमरांगसो, माइग्रेंदिसा, फेदिंग, मूपा, वदरेंगदिसा आदि व्यक्तियों को तत्काल मार डालने का आदेश जारी किया। मैं जानता हूँ कि माइग्रेंदिसा अपराध में स्लेरिंग दिमासा और डी एच डी (जे) के 7 अन्य व्यक्ति शामिल हैं।

.....

मैं फियांगपुई के जे. टी. रोया नामलई की हत्या की घटना से अवगत हूँ जिसे गुंजुग क्षेत्र के जाओदाओ दिमासा ऊर्फ मोरेट लांगमैलाई और कलाचंद के डी एच डी (जे) के बेले दिमासा ने मारा था। उसकी हत्या इसलिए की गई क्योंकि उसने एन. सी. हिल्स जिले के

स्थान पर दीमा हासाओ राज़ी जिला बनाने संबंधी प्रस्ताव के एक विरोधी दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए थे।

मुझे उमरांगसो में बड़े पैमाने पर की गई हत्याओं तथा अपने जोनल कमांडरों तथा काडरों को हुई व्यापक क्षति तथा तबाही के बारे में मालूम है क्योंकि मैसर्स विनय सीमेन्ट लिमिटेड ने पर्यावरण नियंत्रण की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया था और हमने उनसे 50 लाख रु. की मांग की थी जो उन्होंने नहीं मानी। हमने यानि डी एच डी (जे) ने उन्हें फैक्टरी को बन्द करने के लिए कहा परन्तु उन्होंने हमारी बात नहीं मानी। हमने काम बन्द करने के लिए मजदूरों को धमकाया लेकिन उन्होंने हमारी बात नहीं मानी। ये उमरांगसो की घटनाओं के प्रमुख कारण हैं। मैं सभी घटनाओं के बारे में साक्षात्कार दे नहीं पाया। फिर भी मैंने एन ई टी.वी. न्यूज़ में फोन पर कुछ साक्षात्कार दिए हैं।

....."

58. जहां तक अधिकरण द्वारा की जाने वाली जांच की प्रकृति का संबंध है तो उच्चतम न्यायालय ने ***जमात-ए-इस्लामी बनाम भारत संघ, जे टी 1995 (1) एस सी 31*** मामले में निम्नलिखित बात कही है :-

"धारा 4 अधिकरण के संदर्भ में है, उप-धारा (1) में यह अपेक्षित है कि केन्द्र सरकार "इस प्रयोजन के लिए न्याय-निर्णय करने हेतु कि संगम को विधि-विरुद्ध घोषित करने के पर्याप्त कारण मौजूद हैं अथवा नहीं" धारा 3 की उप-धारा (1) के अंतर्गत जारी अधिसूचना को अधिकरण को भेजेगी। अधिकरण को भेजे जाने का उद्देश्य यह है कि अधिकरण यह न्याय निर्णय करे कि यह घोषणा करने के पर्याप्त कारण मौजूद हैं। इस संदर्भ में यहां "न्याय-निर्णय" और "पर्याप्त कारण" शब्द महत्वपूर्ण हैं। उप-धारा (2) में यह अपेक्षित है कि अधिकरण, संदर्भ प्राप्त होने के पश्चात् प्रभावित संगम को इस बात के लिए "लिखित रूप में कारण बताओ नोटिस" जारी करेगा कि संगम को क्यों न विधि-विरुद्ध घोषित किया जाए। यह अपेक्षा तब तक निरर्थक है जब तक कि उस आधार का कोई प्रभावी नोटिस न हो जिसके आधार पर यह घोषणा की गई है तथा उक्त नोटिस के जबाव के लिए उचित अवसर प्रदान नहीं किया जाता है और बताए गए कारण पर विचार

करने के बाद अधिकरण द्वारा निर्धारित तरीके से जांच नहीं की जाती है। अधिकरण आवश्यक समझे जाने पर यह निर्णय लेने के लिए कि क्या संगम को विधि-विरुद्ध घोषित करने के पर्याप्त कारण हैं, केन्द्र सरकार अथवा संगम से किसी अन्य सूचना की मांग कर सकता है। अधिकरण से यह अपेक्षित है कि वह "अधिसूचना में की गई घोषणा की पुष्टि करने अथवा उसे रद्द करने", जैसा भी वह उचित समझे, का आदेश दें। अधिकरण द्वारा की जाने वाली जांच की प्रकृति में यह अपेक्षित है कि वह यह निर्णय करने के लिए कि क्या संगम को विधि-विरुद्ध घोषित करने के पर्याप्त कारण मौजूद हैं, उस सामग्री की जांच-परख करेगा, जिसके आधार पर केन्द्र सरकार द्वारा धारा 3 की उप-धारा (1) के अंतर्गत अधिसूचना जारी की गई है, संगम को जारी की गई नोटिस के उत्तर में उसके द्वारा बताए गए कारण तथा कोई और सूचना, जिसकी उसने मांग की थी, पर विचार करेगा। इस पूरी प्रक्रिया का आशय दोनों पक्षों द्वारा अधिकरण के समक्ष रखी गई सामग्री के आधार पर वस्तुपरक निर्धारण करना; और क्षति दोनों पक्षों के बीच एक कानूनी नोटिस के न्याय-निर्णय की प्रकृति में निहित है तथा इसका परिणाम उनके द्वारा प्रस्तुत की गई सामग्री की कसौटी पर निर्भर करेगा। सामान्यत: सामग्री की विश्वसनीयता, वस्तुपरक निर्धारण के योग्य होनी चाहिए। अधिकरण को यह निर्णय करना है कि "संगम को विधि-विरुद्ध घोषित करने के पर्याप्त कारण मौजूद हैं अथवा नहीं"। ऐसे निर्धारण के लिए यह अपेक्षित है कि अधिकरण इस नतीजे पर पहुंचे कि घोषणा के समर्थन में सामग्री, उसके विरोध में प्रस्तुत की गई सामग्री से अपेक्षाकृत अधिक महत्वपूर्ण हैं और, घोषणा के समर्थन में यह अतिरिक्त वज़न उक्त को बनाए रखने के लिए पर्याप्त है। इस संदर्भ में अधिक संभावना की जांच एक व्यावहारिक जांच प्रतीत होती है।

उच्चतम न्यायालय के पैरा 14 में आगे यह कहा गया है कि :-

"धारा 4 में "न्याय-निर्णय" और "निर्णय" शब्दों का एक उच्च न्यायालय के पदासीन न्यायाधीश की अध्यक्षता में गठित अधिकरण द्वारा की गई जांच के संदर्भ में एक विधिक अर्थ निहित है। अधिकरण से यह अपेक्षित है कि वह विवाद के बिन्दुओं पर 'न्याय-निर्णय' की प्रक्रिया के द्वारा 'कारण बताओ नोटिस' के पश्चात 'निर्णय' करे। एक न्यायिक निर्णय की ये अनिवार्य विशेषताएं हैं।"

59. ***भारत संघ बनाम तुलसीराम पटेल,*** ए आई आर 1985 एस सी 1416 में न्यायालय की एक संवैधानिक खण्डपीठ को विभिन्न अधिनियमों में इस्तेमाल किए जाने शब्दों "कानून और व्यवस्था',' "लोक व्यवस्था", "राष्ट्र की सुरक्षा", पर विचार करने का अवसर प्राप्त हुआ था। निर्णय के पैरा 140 में, माननीय न्यायाधीशों ने निम्नलिखित टिप्पणियां की :-

"विभिन्न अधिनियमों में 'कानून और व्यवस्था, 'लोक व्यवस्था' और 'राष्ट्र की सुरक्षा' का इस्तेमाल किया गया है। "कानून और व्यवस्था" को प्रभावित करने वाली परिस्थितियों की तुलना में "लोक व्यवस्था" को प्रभावित करने वाली परिस्थितियां अधिक गंभीर हैं तथा "लोक व्यवस्था" को प्रभावित करने वाली परिस्थितियों की तुलना में "राष्ट्र की सुरक्षा" को प्रभावित करने वाली परिस्थितियां अधिक गंभीर हैं। इस प्रकार जो परिस्थितियां "राष्ट्र की सुरक्षा" को प्रभावित करती हैं, वे इनमें से सबसे अधिक गंभीर हैं। राष्ट्र की सुरक्षा को खतरा राष्ट्र के अंदर से तथा बाहर दोनों तरफ से हो सकता है। "राष्ट्र की सुरक्षा" शब्द का अर्थ पूरे देश की अथवा पूरे राज्य की सुरक्षा नहीं है। इसमें राज्य के एक हिस्से की सुरक्षा भी सम्मिलित है। इसे केवल एक सशस्त्र विद्रोह अथवा बगावत में बांधा नहीं जा सकता है। इसके अतिरिक्त और भी कई तरीके हैं जिनसे राष्ट्र की सुरक्षा प्रभावित होती है। यह हमारे देश के विरोधियों को अथवा इससे इतर देशों को अथवा गुप्त संपर्कों के जरिए आतंकवादियों को रक्षा उत्पादन अथवा इसी प्रकार के मामलों से संबंधित राष्ट्र से संबंधित गुप्त सूचनाएं अथवा अन्य सूचना प्रदान करने से भी प्रभावित हो सकती हैं। उन अलग-अलग तरीकों की गिनती करना कठिन है जिनसे राष्ट्र की सुरक्षा प्रभावित होती है। राष्ट्र की सुरक्षा को प्रभावित करने का तरीका खुला अथवा गुप्त भी हो सकता है।"

60. प्रतिवादी संगठन के क्रिया-कलापों, जिनका उल्लेख उनके प्रचार सचिव द्वारा स्वयं किया गया है, के स्पष्ट निरूपण के साथ-साथ विभिन्न मामलों की जांच के दौरान, उनके काडरों द्वारा इसी प्रकार के दिए गए बयानों, जो प्रतिवादी संगठन को पर्याप्त अवसर दिए जाने के बावजूद बिना खंडन के जारी हैं तथा ऊपर उल्लिखित निर्णयों के आलोक में यह अवश्य ही माना जा

सकता है कि केन्द्र सरकार द्वारा प्रतिवादी संगठन को प्रतिबंधित करने संबंधी अधिसूचना जारी किया जाना न्याय-संगत था।

61. जहां तक प्रतिवादी संगठन की ओर से काबिल वकील द्वारा दिए गए इस तर्क का संबंध है कि सरकार द्वारा प्रस्तुत किए गए सारे गवाह, सरकारी गवाह हैं और उन्होंने अपने-अपने सरकारी पदों की हैसियत से बयान दिए हैं, मेरा यह सुविचारित मत है कि इन गवाहों ने सरकारी रिकार्डों के आधार पर बयान दिए हैं और यह आवश्यक नहीं है कि उन्हें अपनी सेवाकाल के दौरान ध्यान में लायी गई घटनाओं के बारे में व्यक्तिगत जानकारी हो; रोजमर्रा के प्रशासनिक रोटेशन, एक अधिकारी को एक ही स्थान पर लंबे समय तक बने रहने की अनुमति नहीं देती है। अत: यदि किसी घटना अथवा मामले की जांच एक अधिकारी से दूसरे अधिकारी को अंतरित की गई हो तो साक्ष्य की विश्वसनीयता पर संदेह नहीं किया जा सकता है। काबिल वकील द्वारा आगे रखे गए मामले के तथ्य अपने पास मौजूद तथ्यों से बिल्कुल सुस्पष्ट हैं।

62. जहां तक प्रतिवादी के काबिल वकील का यह कथन कि सरकार ने जिन मामलों को अपना आधार बनाया है वे "पुराने" हैं, को नोट किया गया और इसे अस्वीकार किया गया। प्रतिवादी संगठन 2003 से अस्तित्व में है और तब से वह अधिनियम की धारा 2 (ण) के अनुसार विधि-विरुद्ध क्रिया-कलापों में संलिप्त रहा है। फिर भी संगठन को प्रतिबंधित करने के लिए इन घटनाओं पर पहले की कोई अधिसूचना नहीं है। सरकार द्वारा उल्लिखित मामलों से स्पष्ट होता है कि प्रतिवादी संगठन के गठन से विधि-विरुद्ध क्रिया-कलाप जारी है और उनका एक धड़ा जिसने समर्पण नहीं किया है, इन क्रिया-कलापों को जारी रखे हुए है।

63. डी एच डी (जे) के लगभग 400 काडरों द्वारा 2.10.2009 को समर्पण किए जाने की घटना को अधिसूचना की पुष्टि न किए जाने का आधार बनाया नहीं जा सकता है क्योंकि आसूचना इनपुटों तथा सुरक्षा एजेंसियों की रिपोर्टों के आधार पर अभियोजन गवाह-14, अभियोजन गवाह-15 और अभियोजन गवाह-16 ने विशिष्ट रूप से यह उल्लेख किया है कि प्रतिवादी संगठन का एक धड़ा अभी तक पकड़ में नहीं आया है और वह जंगलों में छिपा हुआ है तथा विधि-विरुद्ध क्रिया-कलापों में संलिप्त है। यह तथ्य कि संगठन के काडरों ने 2 अक्तूबर, 2009 को हथियारों के साथ समर्पण किया है केवल एक घटना-मात्र है जो केन्द्र सरकार द्वारा 9 जुलाई, 2009 को जारी की गई अधिसूचना के बाद घटित हुई है और विशेषकर यह देखते हुए

कि उनके विधि-विरुद्ध क्रिया-कलाप लगातार जारी हैं, प्रतिवादी संगठन का इससे कोई प्रयोजन सिद्ध नहीं होता है।

64. रिकॉर्ड के लिए रखे गए साक्ष्य यह साबित करते हैं कि डी एच डी (जे) की विचारधारा एक सशस्त्र संघर्ष चलाकर तथा दिमासा लैंड की स्थापना कर एकता और संप्रभुता को कमज़ोर करना है। डी एच डी (जे) के लगभग 400 काडरों द्वारा 2 अक्तूबर, 2009 को समर्पण किए जाने के बावजूद संगठन के क्रिया-कलाप लगातार जारी हैं और संगठन के समर्पण न करने वाले सदस्य अभी भी पकड़ में आए नहीं हैं। इन साक्ष्यों से यह साबित होता है कि 2006 से 11.8.2009 की अवधि के दौरान डी एच डी (जे) के काडरों के 247 घटनाओं को अंजाम दिया, जिनमें हिंसा, जबरन धनवसूली और अपहरण तथा जबरन धनवसूली तथा अपहरण के प्रयास शामिल थे और साक्ष्य से यह भी स्पष्ट होता है कि इकट्ठी की गई धनराशि का इस्तेमाल हिंसक क्रिया-कलापों में किया जा रहा है। रिकार्ड के लिए प्रस्तुत साक्ष्य यह भी दर्शाता है कि सीमापार के बाहरी प्राधिकारियों से संरक्षण मांगने का प्रयास हुआ और इससे यह भी साबित हुआ है कि एन.सी. हिल्स जिले के अलावा असम राज्य के अन्य जिले, कार्बी आंगलांग, कछार और नौगांव, डी एच डी (जे) के विधि-विरुद्ध क्रिया-कलापों से प्रभावित हैं।

65. केन्द्र सरकार और असम राज्य द्वारा दिए गए साक्ष्य, जिसे प्रतिवादी के काबिल वकील को भी उपलब्ध कराया गया, को छोड़कर केन्द्र सरकार ने आसूचना ब्यूरो तथा आसूचना एवं सुरक्षा एजेंसियों की रिपोर्टें भी प्रस्तुत की जिनमें डी एच डी (जे) के क्रिया-कलापों के बारे में संवेदनशील सूचना थी। मैंने उक्त रिकार्डों को देखा है और मैं संतुष्ट हूँ कि सरकार के पास उपलब्ध रिपोर्टें, विधि-विरुद्ध क्रिया-कलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 3 (1) के अंतर्गत दिनांक 9 जुलाई, 2009 की अधिसूचना को जारी किए जाने को न्याय-संगत ठहराती हैं जिसमें डी एच डी (जे) के सभी धड़ों, विंगों और प्रमुख संगठनों सहित उक्त को एक विधि-विरुद्ध संगम घोषित किया गया है।

66. निर्णय समाप्त करने से पूर्व मैं यह कहना चाहता हूँ कि संविधान के अनुच्छेद 1 (1) में यह उल्लेख है कि भारत, अर्थात् इंडिया, राज्यों का संघ होगा। यह भारत, जिसे हमारे महान नेताओं ने "संघ" की संज्ञा दी थी पर आज छोटे-छोटे टुकड़ों में बॉटने का खतरा मंडरा रहा है। संविधान सभा में सभी के विचारार्थ संविधान का मसौदा प्रस्तुत करते समय, प्रारूपण समिति के अध्यक्ष डॉ. अम्बेडकर ने निम्नलिखित शब्दों में "संघ" शब्द को इस्तेमाल करने की आवश्यकता की व्याख्या की थी :-

> *" राज्यों का संघ एक संघ है क्योंकि यह अविनाशी है। हालांकि प्रशासन की सहूलियत के लिए देश और लोगों को विभिन्न राज्यों में विभक्त किया जा सकता है परन्तु यह देश समग्र रूप से एक है जहां एक ही स्रोत से निकले एकल सर्वोच्च सामाज्य के अंतर्गत*

इसके लोग, प्रत्येक व्यक्ति निवास करता है। अमेरिकियों को यह साबित करने के लिए गृह युद्ध करना पडा कि राज्यों को अलग होने का कोई अधिकार नहीं है और उनका संघ अविनाशी है। प्रारूपण समिति ने यह सोचा कि यह बेहतर होगा कि यह बात शुरू में ही स्पष्ट कर दी जाए और इसे बाद में अटकलबाजी अथवा विवाद के लिए न छोड़ा जाए।"

अत: स्पष्ट रूप से देश में एकता बनाए रखने के लिए संविधान के इस संकल्प के प्रतीक के रूप "संघ" शब्द के इस्तेमाल को प्रारूपण समिति ने अत्यधिक महत्व दिया है।

66. हाल ही में यह देखा गया है कि देश के विभिन्न हिस्सों में अलग राज्य की मांग उठी है। भारत के संविधान का अनुच्छेद 2 यह कहता है कि संसद, विधि द्वारा, किसी राज्य में से उसका राज्यक्षेत्र अलग करके अथवा दो या अधिक राज्यों को या राज्यों के भागों को मिलाकर अथवा किसी राज्यक्षेत्र को किसी राज्य के भाग के साथ मिलाकर नए राज्य का निर्माण कर सकेगी। इससे आगे अनुच्छेद 3 संसद को किसी राज्य की सीमा में परिवर्तन करने अथवा नाम में परिवर्तन करने की शक्तियां प्रदान करता है। संविधान का अनुच्छेद 2 संसद को विधि द्वारा, ऐसे निबन्धनों और शर्तों पर, जो वह ठीक समझे, संघ में नए राज्यों का प्रवेश या उनकी स्थापना करने की शक्तियां प्रदान करता है परन्तु कई संगठन विधि-विरुद्ध तरीके अपनाकर समय को पीछे ले जाना चाहते हैं और क्षेत्र, जाति, संस्कृति अथवा नृजातीय अल्पसंख्यक होने के आधार पर अपनी अहंकारी मांगों के लिए राष्ट्र को विखंडित करना चाहते हैं। संविधान, अनुच्छेद 2, 3 और 4 के माध्यम से, संसद को नए राज्यों के गठन के लिए विशेष शक्तियां प्रदत्त करता है और इसमे कोइ सदेह नहीं है कि इसके लिए वैध मांग रखी जा सकती है। फिर भी इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती वास्तविक अथवा काल्पनिक शिकायतों की ओर ध्यान आकृष्ट कराने के लिए संवैधानिक कुत्सिक विचारों और भावनाओं का नाम देकर बड़े पैमाने पर अव्यवस्था फैलाने और इससे भी खराब वे बर्बर कार्रवाइयां करने, जिनके द्वारा हमारे देश के मासूम लोगों के जीवन में बाधा उत्पन्न की जाती है और उनकी जान ली जाती है, के मूर्खतापूर्ण प्रयास किए जाते हैं। उनकी ओर से किए जा रहे घिनौने कृत्यों को देखकर यह नहीं कहा जा सकता कि उनके तौर-तरीके लक्ष्यों को न्याय-संगत ठहराते हैं।

67. इस प्रकार वर्तमान राष्ट्र परिदृश्य, राष्ट्रीय अखंडता के दृष्टिकोण से निश्चित रूप से निराशाजनक है। अपनी भाषा और संस्कृति की सुरक्षा की आड़ में एक पृथक अस्तित्व को मान्यता देना भारत की अनेकता में एकता की विशेषता को नष्ट कर रहा है। हम यह कभी नहीं भूल सकते कि भारत एक ऐसी समान संस्कृति से बँधा हुआ है जो हजारों वर्ष पूर्व इस भूमि पर फली-फूली थी।

68. ये संगठन अपने क्रिया-कलापों के द्वारा अपने उद्देश्य की वकालत नहीं कर रहे बल्कि हत्या और मासूम लोगों की जान लेकर केवल अपनी प्रगति में रोड़े अटका रहे हैं। जब क्षेत्रीयवाद

के नाम पर हिंसा का इस्तेमाल लोगों के खिलाफ किया जाता है तो यह एक आपराधिक कृत्य है और दंडनीय है। ये हत्याएं, न केवल अपराध है बल्कि इससे भी अधिक चिंता की बात यह है कि ये भारत की मूल अवधारणा को चुनौती दे रहे हैं। भारत का संविधान, अपने नागरिकों को संघ के किसी भी भाग में रहने तथा कार्य करने का अधिकार प्रदान करता है।

69. क्षेत्रीयवाद अपना पैशाचिक सिर उठा रहा है जिसके कारण भारत का आम नागरिक यातना झेल रहा है। यह राष्ट्र, विश्व का सबसे बड़ा प्रजातंत्र है परन्तु इस प्रकार की अप्रजातांत्रिक भावनाएं उस राष्ट्र का द्योतक नहीं है जो अपनी स्वतंत्रता के त्रिसठवें वर्ष में प्रवेश कर रहा हो।

70. हम यह नहीं भूल सकते कि कश्मीर से कन्याकुमारी तक हम एक राष्ट्र हैं और इसलिए हमें सहिष्णुता और धैर्य के मार्ग का अनुसरण करते रहना होगा ताकि हम इस राष्ट्र को प्रभुता-संपन्न, प्रजातांत्रिक गणराज्य बनाए रख सकें ।

71. उपर्युक्त कारणों से तथा रिकॉर्ड के लिए प्रस्तुत सामग्री पर विचार करते हुए मेरा यह सुविचारित मत है कि डी एच डी (जे), इसके सदस्यों, इसके अनुयायियों और इससे सहानुभूति रखने वालों के क्रिया-कलाप, विध्वंसक प्रकृति के हैं, भारत की क्षेत्रीय अखंडता के लिए हानिकर और छिन्न-भिन्न करने वाले हैं, समुदायों के बीच वैमनस्य बढ़ाने वाले तथा राज्य की सुरक्षा को गंभीर रूप से खतरा पहुंचाने वाले हैं। अत: दिनांक 9 जुलाई, 2009 की अधिसूचना में दीमा हालाम दाओगाह (जोयल) को उसके सभी धड़ों, विंगो और प्रमुख संगठनों सहित विधि-विरुद्ध संगम घोषित करने के पर्याप्त कारण हैं और तदनुसार उक्त अधिसूचना की एतद्द्वारा पुष्टि की जाती है।

ऊपर दर्शाई गई स्थिति के अनुसार प्रश्न का उत्तर दे दिया गया है।

ह/-

न्यायाधीश कैलाश गंभीर

विधि-विरुद्ध क्रिया-कलाप (निवारण)अधिकरण

8 जनवरी, 2010

MINISTRY OF HOME AFFAIRS

NOTIFICATION

New Delhi, the 29th January, 2010

S.O. 209(E).—In terms of Section 4(4) of the Unlawful Activities (Prevention) Act. 1967, the order of the Tribunal presided over by Hon'ble Justice Shri Kailash Gambhir, Judge, Delhi High Court, to whom a reference was made under Section 4(1) of the Unlawful Activities (Prevention) Act, 1967 for adjudicating whether or not there is sufficient cause for declaring the associations, namely the Dima Halam Daogah (Joel) Organisation of Assam as unlawful is published for general information.

[F. No. 11011/41/2008-N.E. III]

NAVEEN VERMA, Jt. Secy.

REPORT OF THE
UNLAWFUL ACTIVITIES (PREVENTION) TRIBUNAL
CONSISTING OF
HON'BLE MR. JUSTICE KAILASH GAMBHIR,
JUDGE, DELHI HIGH COURT

1. In exercise of powers conferred by sub-section (1) of Section 3 of the Unlawful Activities (Prevention) Act, 1967 (Act No. 37 of 1967) (hereinafter referred to as the 'Act'), *vide* Notification No. S.O. 1678(E), dated 9th July, 2009, the Government of India has declared Dima Halam Daogah (Joel) [for short 'DHD(J)'] as 'Unlawful Association'.

2. The Government of India came to the conclusion that DHD(J) was an Unlawful Association on the grounds that the said organisation along with all its factions, wings and front organisations have the aims and objectives of creation of a separate State for Dimasas comprising whole of North Cachar Hills Districts and adjoining Dimasa inhabited areas of Karbi Anglong, Cachar and Nagaon Districts of Assam and parts of Dimapur District of Nagaland and that for fulfilling the said objectives, DHD(J) has been indulging in unlawful and violent activities, including involvement in 21, 63, 55 & 52 violent incidents in the years 2006, 2007, 2008 & 2009 (upto 15th May, 2009) respectively, and killing of 24 persons (including 7 security forces), 63 persons (including 12 security forces), 58 persons (including 13)

security forces) and 25 persons (including 13 security forces) in the years 2006, 2007, 2008 & 2009 (upto 15th May, 2009) respectively. The Notification further noted that DHD (J), for fulfilling its objective of a separate State, has been:-

(i) indulging in violent activities including killing of civilians and security force personnel;

(ii) indulging in intimidation, extortion and endangering lives of innocent citizens including personnel of Government Departments, in addition to acts of kidnapping for ransom;

(iii) attacking and threatening personnel engaged in the implementation of vital infrastructure and development projects, and industries in the State of Assam;

(iv) attacking trains and railway stations in North Cachar Hills District of Assam thereby disrupting vital communications links in the sensitive and strategically important North Eastern Region of the country;

(v) promoting enmity between communities and triggering ethnic violence and clashes among the Dimasas and Zemei Nagas in the North Cachar Hills district of Assam with serious adverse implications for the stability of the region;

3. On the afore-noted grounds, the Central Government formed the opinion that the activities of DHD (J), for fulfilling its objective, are detrimental to and disruptive of the territorial integrity of India, promote enmity between communities and seriously threaten the

security of the State and that the said organization is an unlawful association. It, thus, in exercise of powers conferred by sub-Section (1) of Section–3 of the Unlawful Activities (Prevention) Act, 1967, declared the DHD (J) along with all its factions, wings and front organizations to be unlawful associations within the meaning of Section 2(0) of the Unlawful Activities (Prevention) Act, 1967.

4. Exercising powers conferred by sub-Section (1) of Section-5 of the Act, Ministry of Home Affairs, Government of India, vide Notification No. S.O. 2014(E) dated 6th August, 2009 constituted this Tribunal for the purpose of adjudicating whether or not there were sufficient grounds for declaring DHD (J) as Unlawful Association and made reference to this Tribunal under the provisions of Section-4 of the Act.

